आज का तापमान
अधिकतम | न्यूनतम
लखनऊ 29°C 15°C

इनसाइड न्यूज
डिप्टी सीएम बजट सत्र से पहले विभागीय कार्यों की प्रगति पर मंथन
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 21 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 131 | www.janexpresslive.com/epaper



'देश से जो गद्दारी करेगा उसको बख्शा... 12

# यूपी सरकार ने शिक्षामित्रों का बढ़ाया मानदेय

## शिक्षामित्रों को 10 की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेंगे, अनुदेशकों को 17 हजार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 10 हजार की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने कहा, जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार देंगे। शिक्षकों के लिए पांच लाख कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा, विश्वविद्यालयों की ओर से 5000 से ज्यादा पेटेंट की फाइलिंग हुई है, जिसमें 300 से ज्यादा स्वीकृत हो चुके हैं। 2017 के पहले निजी विश्वविद्यालयों की स्वीकृति के लिए पिक एंड चूज किया जाता था। प्रदेश के छह मंडल तो ऐसे थे कि जहां एक भी विश्वविद्यालय नहीं था। हमने मां शाकुभरी विश्वविद्यालय की स्थापना की। अब इन मंडलों में विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। हम सिर्फ राज्य के ही विश्वविद्यालय नहीं बना रहे हैं बल्कि निजी विश्वविद्यालय को भी बढ़ावा दे रहे हैं साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों को बुला रहे हैं जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा कर सकें।



> शिक्षा मित्रों को अब 10 हजार की जगह 18 हजार रुपये मिलेंगे। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। इसके लिए 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। शिक्षकों के लिए पांच लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा।
> –योगी आदित्यनाथ
> यूपी मुख्यमंत्री

### 2017 में दोगुना हुआ था अनुदेशकों का मानदेय, नहीं हुआ लागू

अनुदेशकों का मानदेय वर्ष 2017 में करीब 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 17,000 रुपए किया गया था। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद इस निर्णय को लागू नहीं किया गया। इसके विरोध में अनुदेशकों ने लखनऊ हाईकोर्ट की बेंच में याचिका दायर की थी। लखनऊ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के तत्कालीन न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने अनुदेशकों को 17,000 रुपए मानदेय 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने केवल एक वर्ष के लिए 17,000 रुपए मानदेय भुगतान का निर्देश दिया, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। 5 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें यूपी सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। साथ ही यह आदेश दिया है कि अनुदेशकों की नौकरी खत्म न की जाए। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने साफ कहा कि संविदा की निर्धारित अवधि खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी खत्म नहीं होगी। 10 साल से लगातार काम करने की वजह से यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित है। अनुदेशकों को 17 हजार रुपए मानदेय 2017 से लागू किया जाए।

### बजट में 100 करोड़ की व्यवस्था की

सीएम ने डिजिटल एन्टरप्रेन्योर योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके तहत गांवों में आठ हजार डिजिटल उद्यमी स्थापित करेंगे। इसमें 50 फीसदी महिला आरक्षण होगा। यूनियन बजट में कई गई सीमार्ट की घोषणा के तर्ज पर प्रदेश में महिला उद्यमी विपणन उद्योग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यूपी में पहले मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर की स्थिति बहुत खराब थी। हमने संस्थागत प्रसव की व्यवस्था की, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। इसके लिए एक हजार करोड़ की व्यवस्था करने जा रहे हैं।

### शिक्षा मित्रों का 25 जुलाई 2017 को हुआ था समायोजन रद्द

यूपी में 2001 से शिक्षामित्रों की नियुक्ति शुरू हुई थी। सपा की सरकार ने 2013-14 में शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया था। जिनका समायोजन नहीं हुआ उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 12 सितंबर 2015 को इन शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द करने का आदेश दिया। सपा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द कर दिया।

### भाजपा सरकार ने 2017 में समाधान का किया था वादा

प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में करीब 1.42 लाख शिक्षामित्र हैं। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात 1:30 होना चाहिए। शिक्षामित्रों की संख्या के कारण ही परिषदीय स्कूलों में यह अनुपात 1:22 है। शिक्षा मित्रों की संख्याबल के कारण ही शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि फिलहाल सहायक टीचर भर्ती की आवश्यकता नहीं है।

### बजट के लिए पैसा कहां से आएगा

सपा वालों ने पूछा है कि इतना भारी बजट पेश कर दिया, कहां से पैसा आएगा? मुझे याद है, 2017 में जब किसानों के कर्ज माफ करना था, तब चर्चा थी कि पैसा कहां से आएगा, बैंकर्स के पास जाते थे, परसेप्शन खराब था, बैंक पैसा नहीं देता था। हमने वित्त सचिव को सामने बैठाया, पूछा कि खर्चा कितना है। हमने पता करने के बाद व्यवस्था को बदला। इसके बाद हमने 86 हजार किसानों के 1 लाख रुपए तक के कर्ज को माफ किया था।

### सहायक अध्यापक से फिर शिक्षामित्र बना दिए गए

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एक साथ 1.78 लाख सहायक अध्यापक फिर शिक्षामित्र बना दिए गए। 50 हजार रुपए वेतन पाने वाले फिर 3500 रुपए महीने के मानदेय पर आ गए। इसके खिलाफ प्रदेश भर से आए शिक्षामित्रों ने लखनऊ में गोमती के तट पर बड़ा आंदोलन किया। आंदोलन के बाद सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए महीने करने की घोषणा की। शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक भर्ती में वरीयता देने के लिए 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती की घोषणा भी की। शिक्षामित्रों को आयु सीमा के साथ 25 बोनस अंक भी दिए गए। उसके बाद 2019 में फिर 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती की घोषणा की। इसमें भी शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट के साथ बोनस अंक दिए गए। दोनों भर्ती में करीब 13 हजार से अधिक शिक्षामित्र सहायक अध्यापक बने।

### योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की चुटकी ली

विधानसभा में सीएम योगी बजट पर बोल रहे हैं। उन्होंने कहा- सदन की कार्रवाई में अनुदान की मांग को लेकर जो बात होती है, उसकी चर्चा विभागों में भी होती है। 1 मार्च को जब नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है तो सारे विभाग उसी हिसाब से तैयार होते हैं और वह पूरे साल की रणनीति बना लेते हैं। कल 4 मंत्रालय के साथियों ने कार्य अनुदान को लेकर सदन में अपनी बात रखी। यह अच्छी बात है। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद की चुटकी लेते हुए कहा, वे अपनी उम्र के हिसाब से आंकड़ो में घाल-मेल नहीं करेंगे। लेकिन संगत का प्रभाव होता है, लगता है कि चच्चू का प्रभाव आ गया है। आप यूपी पर उधार की बात बता रहे, मुझ लगता है कि यह सच नहीं है। 2016-17 में 4.39 था, आज की समय में 2.9 फीसदी है। मतलब हमारा वित्तीय प्रबंधन पहले से बहुत अच्छा है। इसीलिए हर बैंक यूपी पर भरोसा करता है।

# इंडिया एआई समिट की बड़ी कामयाबी: होगा 250 अरब डॉलर का निवेश
# 70 से अधिक देश घोषणापत्र पर करेंगे हस्ताक्षर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई समिट' भारत के तकनीकी और आर्थिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन साबित हो रहा है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस आयोजन को एक बड़ी सफलता करार दिया है। इस वैश्विक महासम्मेलन में न केवल बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हासिल हुआ है, बल्कि 70 देशों ने भारत के कूटनीतिक नेतृत्व में 'दिल्ली घोषणापत्र' पर अपनी सहमति भी जता दी है। आसान शब्दों में कहें तो, यह समिट भारत को तकनीक की दुनिया में एक नए ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर रहा है।

### दिल्ली घोषणापत्र पर दुनिया का साथ

इस शिखर सम्मेलन का सबसे अहम कूटनीतिक हिस्सा 'दिल्ली घोषणापत्र' रहा है। शुक्रवार को 20 फरवरी 2026 को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि अब तक 70 राष्ट्र इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर चुके हैं और कई अन्य देशों के साथ बातचीत अभी भी जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शनिवार को इस आयोजन के समापन तक सहमति जताने वाले देशों का अंतिम आंकड़ा 80 को पार कर जाएगा। इस दिल्ली घोषणापत्र की विस्तृत रूपरेखा और इसके अहम बिंदुओं को शनिवार को पूरी पारदर्शिता के साथ दुनिया के सामने साझा किया जाएगा।

### निवेश का अंबार और जनता की भारी भागीदारी

- भारत की बढ़ती तकनीकी ताकत को घरेलू स्तर पर भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। आईटी मंत्री ने बताया कि इस प्रदर्शनी में पांच से अधिक आगंतुकों ने हिस्सा लिया, जो देश में उन्नत तकनीक के प्रति भारी उत्साह को दर्शाता है।
- इसके अलावा, इस आयोजन के दौरान बुनियादी ढांचे से जुड़े 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश कमिटमेंट प्राप्त हुए हैं। यह भारी-भरकम निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा।

### विपक्ष का विरोध और युवाओं का करारा जवाब

इस बड़े तकनीकी आयोजन के बीच कुछ राजनीतिक हलचल भी देखने को मिली। कांग्रेस पार्टी द्वारा इस महत्वपूर्ण सम्मेलन को बाधित करने के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए आईटी मंत्री ने स्पष्ट किया कि विपक्षी दल के इस छोटे से प्रयास को भारत के युवाओं ने मजबूती से और पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

- बुनियादी ढांचा: 250 अरब डॉलर के निवेश कमिटमेंट से देश के टेक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को अभूतपूर्व गति मिलेगी, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे।
- वैश्विक कूटनीति: 'दिल्ली घोषणापत्र' पर 70 से अधिक देशों का एक साथ आना यह प्रमाणित करता है कि अंतरराष्ट्रीय एआई नीतियों को तय करने में भारत एक अहम कूटनीतिक नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा रहा है।
- 'इंडिया एआई समिट' ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। 5 लाख आगंतुकों की भागीदारी और 250 अरब डॉलर का भारी निवेश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। शनिवार को जब 'दिल्ली घोषणापत्र' के विस्तृत विवरण दुनिया के सामने आएंगे, तो भविष्य की तकनीकी नीतियों की तस्वीर और भी साफ हो जाएगी।

# राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी आदित्यनाथ: डॉ. डेविड फ्रॉले

- प्रख्यात अमेरिकी वैदिक विद्वान ने लखनऊ में की मुख्यमंत्री से मुलाकात
- योग, आयुर्वेद और सनातन संस्कृति पर चर्चा, बोले, नाथ परंपरा से प्रशस्त हो रही वैश्विक कल्याण की नई राह
- डॉ. फ्रॉले ने योगी सरकार द्वारा अयोध्या का कायाकल्प किए जाने की सराहना की



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. डेविड फ्रॉले ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे हैं। उन्होंने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अमेरिकी विद्वान ने योगी सरकार द्वारा अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की सराहना की और कहा कि अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डॉ. फ्रॉले ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए है। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण भी कर रहे हैं। भारत की वे सभी परंपराएं, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, योगी आदित्यनाथ के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रही हैं। सीएम योगी से मिलकर प्रफुल्लित डॉ. डेविड फ्रॉले ने 'नई अयोध्या' की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या का कायाकल्प अत्यंत प्रसन्नता की बात है। प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। वे हमें सूर्यवंश से जोड़ते हैं और समस्त धार्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। आज विश्व धीरे-धीरे अपनी आध्यात्मिक चेतना खोता जा रहा है। ऐसे में वेद, योग, आयुर्वेद और अन्य भारतीय परंपराओं तक, सबका नवोन्मेष और पुनर्जीवन मौजूदा परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। ऐसे समय में योगी जी जैसा नेतृत्व मिलना भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए वरदान है। डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी जी में तेज है, क्योंकि वे 'आदित्य' हैं, सूर्य तत्व से जुड़े हैं। आत्मविद्या के लिए हम आदित्य की ओर देखते हैं और सूर्य ही योग का आधार है। योगी जी के साथ कुछ क्षण बिताना भी जीवनभर के लिए यादगार पल है।

### डेविड फ्रॉले की गिनती हिंदुत्व के प्रमुख विचारकों में होती है

विसकॉन्सिन (अमेरिका) में एक कैथोलिक परिवार में जन्मे डॉ. डेविड फ्रॉले की गिनती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुत्व के प्रमुख विचारकों में होती है। उन्होंने करीब एक दशक तक आयुर्वेद का भी अध्ययन किया है। उन्होंने वेद, हिंदू धर्म, योग, आयुर्वेद व ज्योतिष शास्त्र पर कई पुस्तकें लिखी हैं। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया। उसी वर्ष मुंबई में साउथ इंडियन एजुकेशन सोसायटी ने भी आयुर्वेद, योग व वैदिक ज्योतिष शास्त्र के क्षेत्र में डॉ. फ्रॉले के उल्लेखनीय योगदान को देखते उन्हें 'नेशनल एमिनेंस अवार्ड' से सम्मानित किया था।

# 'ट्रंप का टैरिफ गैरकानूनी', अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से सुनाया बड़ा फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद्द कर दिया। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक एजेंडे के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर मिली बड़ी हार माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ट्रंप की ओर से आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत एकतरफा रूप से लगाए गए टैरिफ पर केंद्रित है, जिसमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक पारस्परिक टैरिफ भी शामिल हैं। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति के पास लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आने वाले सामानों पर व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है।

### बहुमत से ट्रंप के टैरिफ को दिया झटका

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के इस फैसले से डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ को खत्म कर दिया है। इस फैसले से वैश्विक व्यापार, व्यवसायों, उपभोक्ताओं, मुद्रास्फीति के रुझानों और देश भर के घरेलू वित्त पर व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जॉन जी रॉबर्ट्स जूनियर ने बहुमत का फैसला लिखा और जस्टिस सोनिया सोतोमेयर, जस्टिस नील एम. गोरसच, जस्टिस एलेना कागन, जस्टिस एमी कोनी बैरेट और जस्टिस केतनजी ब्राउन जैक्सन ने उनका समर्थन किया। जस्टिस क्लेरेंस थॉमस ने असहमति का मत दाखिल किया और जस्टिस ब्रेट एम. कावानाघ और जस्टिस सैमुअल ए. एलिटो जूनियर ने उनका समर्थन किया। जजों के बहुमत ने पाया कि संविधान स्पष्ट रूप से सिर्फ कांग्रेस को कर लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने फैसले में कहा, संविधान निर्माताओं ने कर लगाने की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका को नहीं सौंपा। और यह तथ्य कि किसी भी राष्ट्रपति को आईईईपीए में ऐसी शक्ति नहीं मिली है, इस बात का पुख्ता सबूत है कि यह मौजूद ही नहीं है। हालांकि असहमति के फैसले में जस्टिस कावानाघ ने कहा, यहां जिन टैरिफ पर सवाल उठ रहे हैं, वे समझदारी भरी नीति हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन लिखित रूप से, इतिहास में और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, वे स्पष्ट रूप से वैध हैं। जब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जॉन जी रॉबर्ट्स जूनियर ने पीठ का बहुमत का फैसला पढ़ा, तो ट्रंप प्रशासन का पक्ष रखने वाले सॉलिसिटर जनरल डी जॉन सॉयर लगभग भावहीन होकर उन्हें देखते रहे। न्यायाधीशों के सामने मेज पर बैठे सॉयर के हाथ जुड़े हुए थे, और रॉबर्ट्स जैसे-जैसे फैसला पढ़ रहे थे उनकी उंगलियां हल्की-हल्की फड़फड़ा रही थीं। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने अदालत से टैरिफ रद्द किए जाने के बाद अन्य कानूनी उपाय अपनाने की बात कही है।

### टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं, कांग्रेस को

अमेरिकी संविधान के अनुसार, कर और शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, बल्कि कांग्रेस को हासिल है। हालांकि ट्रंप ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना ही, अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) लागू करने हुए लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगा दिया। आईईईपीए सिर्फ राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में राष्ट्रपति को वाणिज्य को विनियमित करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने अन्य कानूनों के तहत भी कुछ अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं, जिनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। अक्तूबर से मध्य दिसंबर तक के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ये शुल्क ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों से प्राप्त राजस्व का लगभग एक तिहाई हिस्सा हैं।

### 134 अरब अमेरिकी डॉलर का वसूला टैरिफ

इस फैसले के वित्तीय परिणाम काफी व्यापक हैं। विवादित टैरिफ खरबों डॉलर के व्यापार को प्रभावित करते हैं और अमेरिकी सरकार ने विवादित प्राधिकरण के तहत 14 दिसंबर तक लगभग 134 अरब अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकत्र किया था। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स फाउंडेशन के अनुमानों के अनुसार ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण 2025 में प्रत्येक अमेरिकी परिवार को लगभग 1,100 अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। यह फैसला अमेरिका और भारत द्वारा पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है।

## यात्रियों को हिंदी बोलने के लिए मजबूर करने का आरोप, बंगला पोक्खो ने स्टेशन पर किया विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में रेलवे में भाषा और यात्री सुविधा को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बंगला अधिकार समूह बांग्ला पोक्खो के सदस्य ईस्टर्न रेलवे मुख्यालय में एक प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए। उनका कहना है कि हर रेलवे कर्मचारी को बंगाली बोलने वाले यात्रियों से उनकी मातृभाषा में बात करनी चाहिए और किसी को हिंदी बोलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। बता दें कि यह प्रदर्शन 21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस से एक दिन पहले आयोजित 'बांग्ला भाषा अधिकार सप्ताह' के तहत किया गया। समूह के सदस्य आरोप लगाते हैं कि टिकट काउंटर पर कुछ हिंदी बोलने वाले कर्मचारी यात्रियों से बंगाली में बात करने से मना करते हैं और उन्हें हिंदी बोलने पर मजबूर करते हैं। संगठन के सचिव गार्गा चटर्जी ने कहा कि बंगाली यात्रियों को रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के कुछ कर्मियों की तरफ से बार-बार परेशान किया जाता है और कभी-कभी उन्हें 'बांग्लादेशी' तक कह दिया जाता है। इसके साथ ही समूह ने आरोप लगाया कि बंगाली ठेले वालों के साथ भी दुर्व्यवहार होता है और उनका सामान जब्त या फेंक दिया जाता है। समूह ने यह भी दावा किया कि कई रेलवे स्टेशनों, जैसे हावड़ा स्टेशन और सियालदह स्टेशन में शौचालय के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है।

# एक अप्रैल 2026 से नेशनल हाईवे पर नकद टोल बंद करने की तैयारी, फास्टैग-यूपीआई होंगे अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) देशभर के नेशनल हाईवे शुल्क प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से नकद भुगतान पूरी तरह बंद करने पर विचार कर रही है।

### इस फैसले का उद्देश्य क्या है?

इस कदम का मकसद पूरी तरह डिजिटल नेशनल हाईवे टोलिंग सिस्टम विकसित करना है। जिससे टोल भुगतान प्रक्रिया और अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके।

### टोल भुगतान कैसे किया जाएगा?

योजना लागू होने के बाद, नेशनल हाईवे के सभी टोल प्लाजा पर भुगतान सिर्फ डिजिटल माध्यमों से ही किया जाएगा। इसके तहत फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के जरिये ही टोल वसूली होगी।

### फास्टैग ने टोल सिस्टम को कितना बदला है?

देश में फास्टैग की 98 प्रतिशत से अधिक पहुंच ने टोल कलेक्शन व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। आज बड़ी संख्या में टोल लेनदेन RFID आधारित फास्टैग के जरिये इलेक्ट्रॉनिक तरीके से हो रहे हैं। जिससे टोल प्लाजा पर बिना रुकावट और संपर्क-रहित आवाजाही संभव हो पाई है। एनएचएआई के मुताबिक, नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर यूपीआई भुगतान सुविधा शुरू की जा चुकी है।

### सरकार के मुताबिक यह बदलाव क्यों जरूरी है?

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन से मिले फायदों को और मजबूत करने तथा टोल प्लाजा संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लाया जा रहा है।

### क्या फायदा होगा?

सरकारी बयान में कहा गया है कि इस बदलाव से नेशनल हाईवे उपयोगकर्ताओं के लिए 'ईज ऑफ कम्यूटिंग' बेहतर होगी। लेन की क्षमता बढ़ेगी, टोल प्लाजा पर जाम कम होगा और टोल लेनदेन में ज्यादा एकरूपता व पारदर्शिता आएगी।

# नाबालिग यौन शोषण के मामले में दोषी पति-पत्नी को फांसी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



गैंगस्टर कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि नाबालिग बच्चों के साथ हुए संगठित यौन शोषण के एक अत्यंत गंभीर और जघन्य मामले में विशेष न्यायालय पास्को एक्ट जनपद ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दो मुख्य दोषियों राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को मृत्युदंड की सजा दी है। सीबीआई दिल्ली द्वारा अक्टूबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज की गई जिसमें अभियुक्त राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को अभियुक्त बनाया। अभियोजन की ओर से सीबीआई से विशेष अभियोजक धारा सिंह ने मुकदमे की पैरवी की जिसमें बताया कि अभियुक्त थाना नरैनी का निवासी है।और चित्रकूट में किराये के घर में रह कर करीब 33 नाबालिक बच्चों के यौन शोषण कर वीडियो बना कर विदेशों में भेजे गए जांच में पता चला कि इसने करीब 2 लाख से ज्यादा वीडियो बना कर भेजे। मुक़दमे में कुल 74 गवाह अदालत में पेश किए गए। आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय द्वारा दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई और अपने फैसले में कहा कि दोषियों को **तब तक फांसी पर लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए।** यह फैसला देश में नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ा संदेश माना जा रहा है। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपियों ने कई वर्षों तक नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर और धमकाकर उनका शारीरिक व मानसिक शोषण किया। पीड़ितों की उम्र 3 वर्ष से 18 वर्ष से कम के बीच बताई गई। मामले की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें बनाईं। जिन्हें देश से बाहर करीब 47 देशों में भेजा गया था।जिनका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए किया गया।विशेष न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 506 (आपराधिक धमकी)120 ठ (आपराधिक साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की कई गंभीर धाराओं के तहत दोषियों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषियों को मृत्युदंड और आजीवन कारावास, कठोर कारावास और भारी जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट ने अपने फैसले में सभी पीड़ित बच्चों को 10- 10 लाख रुपये देने का भी आदेश पारित किया है।और सजा में किए गए जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश पारित किया है।और टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे अपराध न केवल पीड़ित बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं। बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई, तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा।अदालत ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास,मनोवैज्ञानिक उपचार और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों को उचित मुआवजा,काउंसलिंग और शिक्षा-संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाए यह फैसला न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाया गया। यह भी बता दे न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने 6 महीने में ये तीसरा फैसला सुनाया है जिसमें दोनों अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा दी है इसके पहले 2 मामलों में भी मृत्युदंड की सजा सुनाई जा चुकी है।

# रघुवीर मंदिर से शुरु हुई 12 दिवसीय 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




धर्मनगरी के जानकीकुण्ड स्थित श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) से 12 दिवसीय चित्रकूट 84 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु एवं संत-महंत पूर्ण आस्था, अनुशासन एवं भक्ति भाव से इस पदयात्रा में सम्मिलित हुए।

84 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं संतों के आशीर्वचन के साथ हुआ। बताया गया कि यह परिक्रमा प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ल द्वितीया से त्रयोदशी तक श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) के तत्वावधान में आयोजित की जाती है। लगभग 12 दिनों में 135 किलोमीटर की यह पदयात्रा बड़ी गुफा से प्रारंभ होकर स्फटिक शिला, टाठीघाट, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, मडफा महादेव, भरतकूप, व्यासकुण्ड, रैपुरवा धाम, सूरजकुण्ड, गणेश बाग, सिद्धपुर, कोटि-देवांगना, हनुमानधारा और रामघाट होते हुए पुनः श्री रघुबीर मंदिर में पहुँचकर फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी को विश्राम प्राप्त करेगी। इस यात्रा में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ से विशेष रूप से श्रद्धालु प्रतिवर्ष सहभागिता करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्री रघुबीर मंदिर ट्रस्ट द्वारा परिक्रमा अवधि के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। जिसके तहत यात्रियों के ठहरने, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया गया है। ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन, शिक्षा समिति की अध्यक्षा उषा जैन एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ इलेश जैन ने 84 कोसीय परिक्रमा लगाने वाले समस्त यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की है।

# जनपद में प्रिंट रेट से अलग महंगे दामों में बेचा जा रहा पान मसाला

## फिर भी प्रशासन ने क्यों साधी हुई है चुप्पी?

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




जनपद में गुटखा और पान मसाला की बिक्री अब **प्रिंट रेट** नहीं, बल्कि **मनमर्जी रेट** पर होती दिख रही है। 140 रुपये अंकित मूल्य वाला पैक 200 से 220 रुपये तक में बेचे जाने की शिकायतें आम हो चुकी हैं।सवाल यह है कि आखिर यह खुली लूट किसके संरक्षण में चल रही है? जिम्मेदार अधिकारी भी पान मसाला के महंगे दामों पर चुप्पी साधे हुए हैं जनपद ही नहीं अगल-बगल के जनपदों के कोने-कोने में पान मसाला के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर आक्रोश स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि बड़े व्यापारी भारी मात्रा में स्टॉक उठाकर बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बना रहे हैं।और फिर ऊंचे दामों पर माल खपा रहे हैं।छोटे दुकानदार भी मजबूरी या लालच में उसी रेट पर बिक्री कर रहे हैं।बाजार में जीएसटी बढ़ने और कर वृद्धि की अफवाहें उछाली जा रही हैं।परंतु आधिकारिक पुष्टि कहीं नजर नहीं आती।अगर कर नहीं बढ़ा,तो दाम क्यों बढ़े? और अगर बढ़ा है, तो आदेश कहां है?सबसे बड़ा सवाल प्रशासनिक चुप्पी पर है। जब प्रिंट रेट से अधिक वसूली उपभोक्ता संरक्षण नियमों का उल्लंघन मानी जाती है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? क्या निरीक्षण केवल कागजों में हो रहे हैं? जनपद ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों में भी यही हाल है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द जांच नहीं हुई तो यह 'मुनाफाखोरी मॉडल' स्थायी रूप ले सकता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग जागेगा या बाजार यूं ही जेब काटता रहेगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया मंडौर गौशाला का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने स्थाई गौ आश्रय केन्द्र, ग्राम पंचायत मंडौर, विकास खण्ड मऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सत्यराम यादय जिला विकास अधिकारी, चित्रकूट, ओम प्रकाश यादव खंड विकास अधिकारी, मऊ, जितेन्द्र सिंह मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, आर. एस. गौतम एवं अनूप मिश्रा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। गौशाला में 04 चरवाहे लगे हुये हैं। निरीक्षण के समय गौशाला में लगभग 202 गोवंश संरक्षित पाए गए। लगभग 198 गोवंश में लैगिंग पायी गयी।

गौशाला में भूसे हेतु शेड बना हुआ पाया गया। जिसमें लगभग 25 कुन्टल भूसा भंडारित था। गौवंश हेतु केवल 10 बोरी पशु आहार, 08 बोरी नमक, 50 किलो गुड़, 50 किलो खरी एवं 10 बोझ हरा चारा उपलब्ध पाया गया। गोवंशों के लिए 06 भूसा चरही बनी हुयी है। गौशाला में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। गोवंशों के लिए पानी हेतु 02 चरही का निर्माण किया गया है। जिसमें से 01 क्षतिग्रस्त अवस्था में है जिसकी मरम्मत करायी जा रही है। पेयजल हेतु जल संस्थान की पाइपलाइन एवं 01 हैण्डपम्प है, जिससे पेयजल की सप्लाई की जा रही हैं। गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था पायी गयी। गौशाला के चारों तरफ बाउण्ड्रीवाल बनी हुयी है।

02 टीन शेड बने हुये है, 04 कैमरे लगे हुये हैं एवं 01 नया भूसा घर निर्माणाधीन हैं, गौशाला में गौवंशो की अधिक संख्या के दृष्टिगत चारा, चरही को बांड़ा बनाये जाने एवं गौवंशों को पर्याप्त मात्रा में पशु आहार दिये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। गौशाला में संरक्षित जिन गौवंशों के टैग नहीं लगे हुये थे, उन्हें शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिये गये। पशु चिकित्साधिकारी, मऊ एवं खण्ड विकास अधिकारी, मऊ को निर्देशित किया गया कि गौशाला में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें तथा गौशाला में समुचित्त साफ सफाई करवायें।

# 3 को होली अवकाश घोषित करने की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर की मांग

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 2 मार्च होलिका दहन के अगले दिन 3 मार्च को होली अवकाश घोषित करने की मांग की।जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि जनपद में 2 मार्च होलिका दहन एवं 4 मार्च को होली का अवकाश है।जिलाधिकारी द्वारा 5 मार्च को होली का स्थानीय अवकाश भी घोषित किया गया है। बीच में 3 मार्च को अवकाश नहीं है।जब कि जनपद में होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिनों तक पूरे जनपद में होली खेली जाती है।समूचा जनपद होलीमय हो जाता है। साथ ही यातायात साधन आदि भी बंद रहते हैं।ऐसी स्थिति में 3 मार्च को विद्यालय/कार्यालय खोले जाने पर शिक्षकों सहित बच्चों को अत्यंत असुविधा हो सकती है।यातायात के साधन बंद होने और जगह जगह रंग गुलाल के कारण विद्यालयों तक पहुंचने और खोले रहने में समस्या हो सकती है क्यों कि होली आदि के माहौल में कई अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने का कार्य भी किया जाता है।बाहरी जनपदों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा होली जैसे हर्षोल्लास के पर्व को मनाने हेतु अपने अपने घरों को प्रस्थान किया जाता है। बीच में एक दिन 3 मार्च को विद्यालय/कार्यालय खुलने पर त्योहार मनाने में असुविधा हो सकती है।होली पर्व में अधिकतर बच्चे भी अपने ननिहाल आदि चले जाते हैं जिससे उनका एक दिन के लिए विद्यालय आना असंभव सा प्रतीत होता है।विगत वर्षों में भी होलिका दहन के उपरान्त लगातार अगले दो दिनों तक अवकाश होता रहा है।

### क्रयादेश होगा निर्गत

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा ने बताया कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0, के द्वारा जनपद चित्रकूट में 28 मार्च 2025 के चयनित 120 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए बाल मैत्रिक फर्नीचर क्रय किये जाने हेतु धनराशि आवंटन एवं दिशा-निर्देश प्रेषित किये गये। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के द्वारा 13 फरवरी को जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित न्यूनतम एल-01 फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये सैंपल समिति द्वारा परीक्षण के बाद सही पाये जाने पर चयनित फर्म को क्रयादेश निर्गत किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

### 35 भैंसों से लदी डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट।** डीसीएम ट्रक में 35 भैंसों को क्रूरतापूर्वक ले जाने में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही बरामद भैंसों के इलाज की व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 35 भैंसों को क्रूरतापूर्वक डीसीएम ट्रक से ले जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मारकुण्डी थाना उप निरीक्षक अरविन्द्र कुमार सिंह ने थाना तिराहे के पास बैरियर लगाकर सघन वाहन जांच शुरु कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे डीसीएम ट्रक को रोककरकर तलाशी लेने पर पता चला कि गाड़ी के अंदर 35 भैंसों को बेरहमी से लादा गया था। इस पर पुलिस ने गाड़ी में मौजूद चालक और दो अन्य लोगों से मवेशियों की खरीद और परिवहन के कागज मांगे किंतु तीनों लोग कागज नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने गाड़ी मे मौजूद फतेहपुर जिले के थरियांव थाने के सचैली निवासी सब्बीर, हुसैनगंज थाने के पूरे इलियास खोजे का पुरवा निवासी सहीम अली और हासिमपुर निवासी वीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया है। साथ ही चुटहिल जानवरों के इलाज की व्यवस्था की गई है।

# बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के संकल्प के क्रम में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल द्वारा चित्रकूट इंटर कॉलेज चित्रकूट, जनसेवा इंटर कालेज, ज्ञान भारती इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर सुचिता का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापक को कड़े निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित नीति का पालन किया जाए। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैमरों की क्रियाशीलता एवं रिकॉर्डिंग की स्थिति जांची। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगरानी में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। परीक्षार्थियों हेतु पेयजल, प्रकाश एवं बैठक व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डीपी पाल ने ड्यूटी पर तैनात कक्ष निरीक्षकों को सचेत करते हुए कहा कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सचेत किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के समय शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सुरक्षा बल के कार्मिक उपस्थित रहे।

# किसान का स्टार्टर चोरी करने वाले आरोपी चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान सहित,अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा स्टार्टर चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के रहने वाले दीपक सिंह द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी कि 17/18 फरवरी की देर रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा खेत से उनका स्टार्टर चोरी कर ले गए।सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान अभियुक्त को ग्राम पचनेही नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस सहित चोरी का स्टार्टर बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अनिल पुत्र झंडू निवासी तिंदवारी रोड ज्योति नगर थाना कोतवाली नगर है।

# तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर पूर्व सैनिक ने की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के मण्डलायुक्त को लिखे पत्र में हमीरपुर जिले के जरिया थाने के बीरा गांव के निवासी सेवानिवृत्त सैनिक मेहेरवान सिंह ने बताया कि उनके गांव में तालाबों एवं बंजर भूमि में बड़े पैमाने पर अतिक्रण किया जा रहा है। इसके चलते जलाशयों का प्राकृतिक स्वरूप परिवर्तित हो रहा है। इसकी शिकायत के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि गांव में क्षेत्र पंचायत निधि का दुरुपयोग करते हुए व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी तालाब की भूमि पर बने अवैध मकान को मजबूत करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मकान के दोनों ओर तालाब व बंजर भूमि में पिचिंग के नाम पर दीवार निर्माण कराया जा रहा है। जिससे समाज में रोष व्याप्त है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा चुकी है, किंतु तालाब एवं बंजर भूमि के रकबे को सुरक्षित न करते हुए अवैध कब्जे पर सरकारी कार्य के जरिए वैधता की मुहर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने तालाब एवं बंजर भूमि की पैमाइश कराते हुए अवैध निर्माण को हटवाने और सरकारी निधि का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य न रोके जाने पर गांव में शांति भंग होने की भी आशंका है। ऐसे में इस समस्या का त्वरित समाधान कराया जाना चाहिए।

# पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत चिकासी पुलिस ने चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के रावतपुरा मचहरी रोड से 23 वर्षीय अभिषेक उर्फ गोलू पुत्र हरपाल सिंह को एक अवैध तमंचा व 315 बोर के तीन जिन्दा कारतूस के साथ दबोचा गया। चिकासी पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 10/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया है। वही अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई शिवम सेजवार सहित कांस्टेबल अंकित साहू शामिल रहे।

# जनगणना डाटा संकलन करने के लिए मोबाइल ऐप बनेगा माध्यम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनगणना 2027 के अन्तर्गत होने वाली तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इस बार जनगणना का कार्य पूर्णरूप से डिजिटल रूप में किया जायेगा, जिसमें सभी प्रकरण द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर डाटा संकलन का कार्य किया जायेगा। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं परिवार द्वारा धारित सम्पत्तियों व उपलब्ध सुविधाओं का डाटा एकत्र किया जायेगा। इसके साथ ही नागरिकों के लिए स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से जनसामान्य अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेगें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनगणना 2027 के लिए निर्धारित मानकों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। सभी अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय बनाकर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें तथा यह भी निर्देश दिये गये कि संबंधित अधिकारी आवश्यक साधनों, तकनीकी तथा अन्य कार्मिकों की उपलब्धता व अन्य व्यवस्थाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुर्गी पालकों को दी गई जानकारियां

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

अपर निदेशक द्वितीय पशुपालन विभाग, चित्रकूटधाम मण्डल के निर्देशन में उ0प्र0 कुक्कुट विकास नीति-2022 के सम्बन्ध में मण्डलीय कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के लगभग 40 मुर्गी पालकों/कुक्कुट पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का मुख्य उददेश्य जनपद में अण्डा उत्पादन में वृद्धि करना है उसी के संदर्भ में पशुपालन विभाग के निदेशालय/जनपद स्तर से कुक्कुट पालन में विशिष्ट जानकारी रखने वाले प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में बताया गया कि वैज्ञानित तरीके से अण्डा देने वाली मुर्गियों का पालन कैसे किया जाये। आई0सी0 एम0आर0 के अनुसार प्रत्येक मनुष्य को 01 वर्ष में लगभग 180 अण्डे की आवश्यकता होती है जब कि उ0प्र0 में प्रति व्यक्ति उपलब्धता मात्र 26 अण्डे है। इन्हीं सब आंकडो को दृष्गित रखते हुए उ0प्र0 सरकार द्वारा अण्डा उत्पादन में वृद्धि हेतु उ0प्र0 कुक्कुट विकास नीति-2022 के अन्तर्गत 10000/30000/ 60000 कुक्कुट प्रति इकाई स्थापित कर अण्डा उत्पादन में वृद्धि करना चाहती है। इन्हीं यूनिट की स्थापना हेतु कार्यशाला का आयोजन कर कुक्कुट पालकों को योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देकर




प्रोत्साहित किया गया। इस योजना में लाभार्थी अंश 30 प्रतिशत तक एवं बैंक ऋण 70 प्रतिशत तक रहेगा। बैंक ऋण में जो भी ब्याज आयेगी उसकी प्रतिपूर्ति 05 वर्ष तक 7 प्रतिशत की दर से करेगी एवं 10 वर्षो तक बिजली का बिल जो भी आयेगा,उसकी प्रतिपूर्ति भी सरकार द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्यशाला में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। डा0 अभिषेक कुमार, पशु चिकित्साधिकारी, करतल एवं डा0 श्रीराम कुशवाहा,पशु चिकित्साधिकारी बक्छा कुरौली द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कामार्शियल लेयर एवं ब्रायलर पैरेन्ट फार्मिंग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर प्रोत्साहित किया गया। अन्त में कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डा0 राम नरेश उमराव उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (चि0/स्वा0) द्वारा कार्यशाला के समापन की घोषणा की गयी।



### एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस का उग्र...

एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के दौरान अपनी शर्ट उतारे भी देखा गया... पढ़ें पेज 12 पर...

# डिप्टी सीएम बजट सत्र से पहले विभागीय कार्यों की प्रगति पर मंथन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को विधान भवन में चल रहे बजट सत्र-2026 की कार्यवाही से पूर्व विधानसभा कक्ष संख्या-77 में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह, राजस्व, ग्राम्य विकास एवं न्याय विभाग के कार्यों की प्रगति, जनहित से जुड़े मामलों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम जनता को त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाए।



### राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर

उप मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए भूमि विवाद, नामांतरण, वरासत और ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों में अनावश्यक भागदौड़ न करनी पड़े, इसके लिए व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए।

### ग्रामीण विकास योजनाओं की गुणवत्ता पर निगरानी

ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने ग्रामीण सड़क, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण और आजीविका योजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल लक्ष्य पूरा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यों की गुणवत्ता और स्थायित्व भी सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है।

### लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

न्याय विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रभावी पैरवी और बेहतर समन्वय बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी लाकर आम जनता को राहत प्रदान की जाए।

कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान

गृह विभाग को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### सुशासन पर सरकार की प्रतिबद्धता

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन सरकार की पहचान है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बजट सत्र के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों, शिकायतों और सुझावों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को परिणाम आधारित कार्यप्रणाली अपनाने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोपरि रखते हुए ही प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता।

## विद्युत सखियों का कार्य शानदार : अरबों कलेक्शन, करोड़ो कमीशन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के मार्गदर्शन मे ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन, उन्हे आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाये जाने की दिशा मे बहुत ही कारगर, ठोस व प्रभावी कदम उठाये गये हैं।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहो की महिलाओ के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु सततरूप से प्रयासरत है और विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से महिलाओ की आमदनी मे बड़े पैमाने पर इजाफा हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विद्युत सखी कार्यक्रम में नई उपलब्धियां हासिल की है। कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से विद्युत सखियों ने विद्युत बिल वितरण कंपनियो (डिस्काम) के लिए रू 3142 करोड़ से अधिक का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है। विद्युत सखियों ने विद्युत बिल कलेक्शन कर 40.46 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया है।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत सखियो द्वारा वर्ष 2025-26 मे अब तक 1298 करोड़ का कलेक्शन कलते हुये 16 करोड़ 22 लाख से अधिक का कमीशन अर्जित किया गया।

# सदन में सोते नजर आए लम्भुआ के विधायक, चर्चा का विषय बनी तस्वीर

### 18वीं विधानसभा सत्र के दौरान सामने आया मामला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सुल्तानपुर जिले की लम्भुआ विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सीताराम बर्मा सदन में सोते हुए नजर आए। उस समय सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा चल रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय अपने-अपने वक्तव्य दे रहे थे, लेकिन इसी दौरान विधायक की झपकी लेते हुए तस्वीर चर्चा का विषय बन गई।

### क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के बीच उठे सवाल

बताया जा रहा है कि सदन में प्रदेश के विकास, बजट प्रावधानों और विभिन्न जनपदों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर बहस चल रही थी। ऐसे समय में जब जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाने का अवसर पाते हैं, तब लम्भुआ विधायक का सोते हुए दिखना कई सवाल खड़े कर रहा है। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर

विधायक की सदन में झपकी लेते हुए तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे जनता के साथ अन्याय बताया है, जबकि समर्थक इसे थकान या अस्वस्थता का परिणाम बता रहे हैं। हालांकि, इस मामले में विधायक की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### जनता में नाराजगी, जवाब की प्रतीक्षा

लम्भुआ क्षेत्र की जनता का कहना है कि विधानसभा सत्र उनके क्षेत्र की समस्याओं को उठाने का महत्वपूर्ण मंच होता है।

ऐसे में जनप्रतिनिधि की सक्रियता अपेक्षित रहती है। फिलहाल यह मामला राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग विधायक की सफाई का इंतजार कर रहे हैं।

# लखनऊ में सरसंघचालक का संदेश : एकता, नेतृत्व और सवालों का दौर

### समाज बदलेगा तो राजनीति बदलेगी?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का आगमन हुआ। कार्यक्रम में संघ कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। संघ की परंपरा के अनुसार ऐसे आयोजनों में उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, सनातन मूल्यों और राष्ट्र निर्माण पर विचार रखे गए।

इसी क्रम में संघ से जुड़े कार्यकर्ता डॉ. आर. के वर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले ही एक प्रश्न भेजा था–यदि हिंदू समाज को एकजुट होने का संदेश दिया जा रहा है, तो राजनेताओं को सामाजिक विभाजन से बचने की सीख क्यों नहीं दी जाती? उनका तर्क था कि नीतिगत निर्णय और आदेश समाज को जातियों और वर्गों में बाँट देते हैं। इस पर भागवत जी का उत्तर था– 'राजनेता चुनाव जीतने के लिए काम करते हैं, लेकिन समाज बदलेगा तो राजनीति बदलेगी।



### एकल वक्तव्य या संवाद?

डॉ. वर्मा के अनुसार यह उत्तर संतोषजनक नहीं था। उनका कहना था कि समाज और नेतृत्व का परिवर्तन स्वतः नहीं होता, बल्कि इसके लिए सक्रिय संवाद और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम का स्वरूप एकल वक्तव्य जैसा था, जहाँ एक व्यक्ति बोलता है और श्रोता तालियों से समर्थन देते हैं। ऐसे वातावरण में प्रतिप्रश्न की अनुमति नहीं थी।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जुड़े प्रस्ताव या आरक्षण जैसी व्यवस्थाएँ समाज पर गहरा प्रभाव डालती हैं। केवल 'एकजुट रहो' कहना पर्याप्त नहीं, जब तक असमानताओं पर स्पष्ट चर्चा न हो। उनका कहना था कि यदि समाज को ऊँचाई पर ले जाना है तो पिछड़े और वंचित वर्गों को साथ उठाना होगा।

### युवाओं की भूमिका और अपेक्षाएँ

डॉ. वर्मा ने एक पुराने कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ में आने का अर्थ 'त्याग' और 'संघर्ष' के लिए तैयार रहना है। उन्होंने सवाल उठाया कि आज की युवा पीढ़ी, जो प्रोत्साहन और अवसर की भाषा समझती है, वह केवल त्याग के संदेश से कैसे प्रेरित होगी? उनका कहना था कि नेतृत्व को उदाहरण प्रस्तुत करना होगा–पारदर्शिता और समान जीवनशैली के माध्यम से।

### हरिद्वार से उठी आवाज

इसी बीच हरिद्वार से भी कुछ संतों और धार्मिक प्रतिनिधियों ने सनातन धर्म की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई। उनका कहना था कि यदि समाज विभाजित दिखाई दे रहा है तो आत्ममंथन आवश्यक है। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भी सवाल उठे। हालांकि, यह भी रेखांकित किया गया कि लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है और संवाद ही समाधान का मार्ग है।

### असहमति से समाधान की ओर

विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक और सामाजिक नेतृत्व की भूमिका समाज को जोड़ने की होनी चाहिए। कठोर अनुशासन या एकतरफा संवाद स्थायी समाधान नहीं दे सकता। आज की युवा पीढ़ी पारदर्शिता, सहभागिता और स्पष्ट दृष्टिकोण चाहती है। अंततः, समाज और राजनीति एक-दूसरे के पूरक हैं।

यदि नागरिक जागरूक और जिम्मेदार होंगे तो नेतृत्व भी संवेदनशील बनेगा। सनातन परंपरा की मूल भावना–सहिष्णुता, संवाद और आत्मनिरीक्षण–ही समाज को सशक्त बना सकती है।

बहरहाल एकता केवल नारे से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण नीतियों, खुले संवाद और सामूहिक जिम्मेदारी से मजबूत होती है।

विभाजन नहीं, विचार-विमर्श ही भविष्य का मार्ग है।

# दुबग्गा क्षेत्र में पीट-पीटकर पुजारी की हत्या

### गांजा बेचने का विरोध किया, तो नाली डुबाकर मौत

जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट दुबग्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी गई। पुजारी का शव मंदिर के पीछे करीब बीस फीट गहरे गड्ढे में मिला, माथे पर चोट के निशान थे गला घोंटा गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है। यह घटना दुबग्गा इलाके के आश्रयहीन कॉलोनी में 19 फरवरी की रात की है। पुजारी की पहचान 60 साल के कल्लू प्रजापति उर्फ कल्लू बाबा के रूप में हुई है। वह कॉलोनी के शीतला माता मंदिर में करीब 40 साल से रहकर पूजा-पाठ करते थे। एस-2 आश्रयहीन कॉलोनी में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे गोलू ने शीतला माता मंदिर के पास गड्ढे में कल्लू बाबा का शव देखा। उन्होंने इसकी कॉलोनी के लोगों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। कल्लू बाबा के माथे पर किसी भारी चीज से वार किए जाने के निशान मिले। गला घोंटे जाने का भी निशान मिला। वही परिजनों ने बताया कि कल्लू को आरोपियों ने मंदिर से निकाल कर सड़क पर पहले बेहरमी से पीटा। माथे पर भारी चीज से वार किया। फिर किसी चीज से गला घोंट दिया। उसके बाद नाली में डुबो दिया। जब कल्लू बाबा की मौत हो गई तो उनको मंदिर के पीछे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में फेंक दिया। वही दुबग्गा पुलिस के मुताबिक परिजनों ने राहुल रावत, अंकित तिवारी, राहुल कनौजिया के खिलाफ कल्लू बाबा की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल का पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण कर जांच पड़ताल पुछताछ किया।



## सपा का आरोप, आईएएस-आईपीएस नहीं बता रहे अपनी संपत्ति

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में भ्रष्टाचार और अधिकारियों की संपत्ति के ब्यौरे को लेकर शुक्रवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस छिड़ गई है। समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने सदन में सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है,जिसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था उनका वेतन रोका गया। जिसके बाद अब सभी ने दे दिया और पोर्टल पर मौजूद है।रविदास मेहरोत्रा ने विधानसभा में अपने बयान में दावा किया कि आईएएस, आईपीएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा मांगा गया था, लेकिन कई अधिकारियों ने अब तक यह जानकारी नहीं दी है।उन्होंने मांग की कि विधायकों की तर्ज पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण भी सार्वजनिक किया जाए।

## बीकेटी ब्लाक दुघरा ग्राम पंचायत कोटा चुनाव में मंजरी वर्मा की हुई जीत



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब ब्लॉक के इटौंजा थाना क्षेत्र दुघरा ग्राम पंचायत में कोटा का चुनाव दोबारा कराया गया। यह चुनाव पंचायत सचिव की अध्यक्षता में कराया गया। वही दुघरा ग्राम पंचायत में राशन कार्ड धारक 427 है और कुल आबादी 2000 हैं। इस कोटा के चुनाव में ग्रामीण व पुरुषों एवं महिलाएंओ ने बढ़कर हिस्सा लिया। इस कोटा का चुनाव में पांच महिला प्रत्याशीयों ने भाग लिया। जिसमें गीता राजपूत को 45 वोट मिले, मंजरी वर्मा को 274 वोट मिले, नीलम वर्मा को 232 वोट मिले, मोहिनी वर्मा को 11 वोट मिले, विनीता प्रजापति को 181 वोट मिले। वही सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कुल वोट 743 पड़ा। जिसमें मंजरी वर्मा ने 274 वोट पाकर 41 वोटों से विजय हुई। वही मंजरी वर्मा ने बताया कि चुनाव जीतने की खुशी हम व हमारे परिवार सभी ग्रामीणों में है। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे और सभी का सम्मान करेंगे। वही विजय प्रत्याशी मंजरी वर्मा के पति शिव शंकर वर्मा ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना यह हमारी प्राथमिकता रहेंगी।

# हरदोई में पैसों के विवाद ने लिया जातीय रंग

### पत्रकार का आरोप- रुपये हड़पे, जातिसूचक गालियां दीं, पुलिस ने की सिर्फ निरोधात्मक कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/हरदोई



बेनीगंज थाना क्षेत्र का एक मामूली लेन-देन विवाद अब गंभीर कानूनी और सामाजिक सवालों के केंद्र में आ गया है। खुद को लखनऊ के एक टीवी चैनल से जुड़ा पत्रकार बताने वाले वीरेंद्र कुमार उर्फ करन, निवासी ग्राम धरौली, ने आरोप लगाया है कि साझेदारी में खरीदी गई कार के रुपये मांगने पर उनके साथ न सिर्फ धोखाधड़ी की गई बल्कि जातिसूचक गालियां देकर धमकाया भी गया।

### 60 हजार की कार, 4 हजार की वापसी!

पीड़ित के अनुसार कुछ वर्ष पूर्व आशुतोष तिवारी, निवासी ग्राम मड़िया, के साथ मिलकर करीब 60 हजार रुपये में पुरानी टाटा इंडिका खरीदी गई थी। आधी रकम वीरेंद्र ने दी थी। आरोप है कि बाद में गाड़ी आशुतोष तिवारी अपने कब्जे में लेकर चला गया और हिसाब के नाम पर मात्र 4 हजार रुपये लौटाए। बाकी रकम वर्षों से लंबित है।

### हिसाब मांगने गया, अपमान मिला

वीरेंद्र कुमार का आरोप है कि 29 जनवरी 2026 को जब वह एक परिचित के साथ बकाया रकम मांगने पहुंचे तो उन्हें घर के बाहर खड़ा रखा गया। फोन पर कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई कि झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देंगे। इस संबंध में शिकायत संख्या 40015526008441 के तहत पुलिस अधीक्षक हरदोई को प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### पुलिस की 'सतही' कार्रवाई?

थाना बेनीगंज की सामान्य डायरी संख्या 027 दिनांक 15 फरवरी 2026 के अनुसार पुलिस ने मामले को 'शांति भंग की आशंका' मानते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्नस्स) की धारा 126/135 के तहत केवल निरोधात्मक कार्रवाई की। चालानी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी संडीला को भेज दी गई।

जांच आख्या में यह भी दर्ज है कि 'अन्य आरोपों की पुष्टि नहीं हुई' और प्रकरण को आपसी कहासुनी बताया गया है।

### बड़ा सवाल : क्या गंभीर आरोपों की होगी विधिक जांच?

प्रार्थना पत्र में स्पष्ट रूप से जातिसूचक गालियां देने और आर्थिक धोखाधड़ी का आरोप है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस ने मामले की गहराई से जांच की या केवल औपचारिकता निभाई?

### पीड़ित की मांग – एफआईआर और बकाया भुगतान

वीरेंद्र कुमार ने एसपी से निष्पक्ष जांच कराते हुए एफआईआर दर्ज करने और बकाया रकम दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह सिर्फ पैसों का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान से जुड़ा प्रश्न है।

अब निगाहें पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोपों की पारदर्शी जांच नहीं हुई तो यह मामला जिले में कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर सकता है।

### बजट चौपाल में ने गिनाई बजट की उपलब्धियां : डॉ दिनेश शर्मा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में भाजपा लखनऊ महानगर मध्य विधानसभा की बजट चौपाल बैठक में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने बजट को जनकल्याणकारी और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कलम बताया। कार्यक्रम में रमेश तूफानी , मध्य विधानसभा उपविजेता रजनीश गुप्ता अभियान संयोजक घनश्याम दास अग्रवाल, सुधीर हलवासीया, सुधाकर त्रिपाठी, उपस्थित रहें। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने वाला है।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)

वेबसाईट- https://lmc.up.nic.in एवं ई-मेल- nnlko@up.nic.in

संख्या 421/मु0अ0/2025–26 | **अति–अल्पकालिक निविदा सूचना** | दिनांक : 20.02.2026

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 07.03.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 06.03.2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 07.03.2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मानस इन्क्लेव में म0सं0–101 से म0सं0–92 तक एवं म0सं0–9 से म0सं0–13 तक नाली एवं सड़क सुधार कार्य। | 844042 | 84405 | 15 दिन | 845 | 153 | 998 |
| 2. | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मानस इन्क्लेव में म0सं0–186 से म0सं0–207 तक एवं म0सं0–97, 96 वाली गलियों में नाली एवं सड़क सुधार कार्य। | 844374 | 84438 | 15 दिन | 845 | 153 | 998 |
| 3. | इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मानस इन्क्लेव में न्यायशीश श्री प्रकाश जी के आवास के सामने सड़क पर सोलर कैट आई एवं स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य। | 432300 | 43230 | 15 दिन | 433 | 78 | 511 |
| 4. | इस्मालगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्वप्न लोक कॉलोनी में अभय कुमार सिंह (म0सं0–140ए) के सामने स्थित पार्क की बाउण्ड्रीवॉल की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 586050 | 58605 | 15 दिन | 587 | 106 | 693 |
| 5. | मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सी–ब्लॉक रैन बसेरा की बाउण्ड्रीवाल उच्चीकरण, चबूतरा निर्माण तथा चादर, परदे तकिया कवर का कार्य। | 416813 | 41682 | 15 दिन | 417 | 76 | 493 |
| 6. | शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रिंग रोड पर नेहरू विहार मोड़ के पास से लिगेसी फर्नीचर के पास तक नाला कवरिंग/पैरापिट वाल का कार्य। | 837600 | 83760 | 15 दिन | 838 | 151 | 989 |
| 7. | शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रिंग रोड पर खुर्रमनगर चौराहे से गांधी नगर मोड के पास तक नाला कवरिंग/पैरापिट वाल का कार्य। | 832942 | 83295 | 15 दिन | 833 | 150 | 983 |
| 8. | शंकरपुरवा प्रथम के अन्तर्गत जगरानी हॉस्पिटल से नेहरू विहार मोड के पास तक नाला कवरिंग का कार्य। | 826564 | 82657 | 15 दिन | 827 | 149 | 976 |

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
02. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
05. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
06. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत: पत्नी के साथ इलाज कराने जा रहा था, सीमा विवाद में उलझी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में एक दर्दनाक हादसे में युवक की ट्रेन से गिरकर मौके पर ही मौत हो गई।युवक अपनी पत्नी के साथ इलाज कराने जिला अस्पताल जा रहा था,लेकिन रास्ते में ही उसकी जिंदगी की डोर टूट गई।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।यह हादसा गौरीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज एपीडी टोल प्लाजा के पास रेलवे ट्रैक पर हुआ। मृतक की पहचान जायस थाना क्षेत्र के मड़व आलमपुर गांव निवासी दिनेश पुत्र गणेशी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दिनेश शुक्रवार सुबह करीब दस बजे देहरादून-वाराणसी एक्सप्रेस से गौरीगंज स्थित जिला अस्पताल जा रहा था।इसी दौरान वह ट्रेन से गिर गया।खंभा संख्या 959/8 के पास गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी जनपद रायबरेली के नसीराबाद थाना पुलिस तथा गौरीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची।लेकिन घटनास्थल को लेकर दोनों थानों के बीच काफी देर तक सीमा विवाद चलता रहा, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।बाद में गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की।गौरीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लेखपाल को भी मौके पर बुलाया गया था,जिसने घटनास्थल को गौरीगंज थाना क्षेत्र का बताया।दारोगा बृजेंद्र कुमार राठौर की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।उधर युवक की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर है।पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## वृहद रोजगार मेले का आयोजन 27 को: डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि जनपद के कर्मयोगी डिग्री कॉलेज मुलिहामऊ, रायबरेली में 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि रोजगार मेले में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के प्रतिभाग हेतु समस्त ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर आदि पर रोजगार मेले का प्रचार-प्रसार कराया जायें।

# गौकशी की घटना, पुलिस-प्रशासन मौके पर तैनात

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर,अमेठी**



जनपद के थाना इन्हौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करन गांव के पहाड़पुर में कथित गौकशी की घटना प्रकाश में आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहरी हिस्से में संदिग्ध परिस्थितियों में गौवंश के अवशेष देखे,जिसके बाद सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इन्हौना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तिलोई सर्किल के क्षेत्राधिकारी दिनेश मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना देर रात की प्रतीत हो रही है।आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। साथ ही संभावित मार्गों और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी बढ़ा दी गई है।घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है।फिलहाल पुलिस जांच जारी है।और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# बिना ले-आउट पास कराये प्लॉटिंग तथा भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विकास प्राधिकरण, प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग करने या बिना नक्शा पास कराये मकान बनाने या कि किसी भी प्रकार के निर्माण को लेकर सख्त हो गया है। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर के निर्देश पर सचिव, विकास प्राधिकरण /अपर जिलाधिकारी विशाल कुमार यादव ने ऐसे बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग तथा भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ कर दिया है। सचिव द्वारा बताया गया कि उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी गयी है। प्राधिकरण क्षेत्र में पूर्व में भी बिना ले-आउट या नक्शा पास प्लाटिंग/भवनों आदि पर डिमोलीशन/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। समय-समय पर अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही विकास प्राधिकरण द्वारा की जाती है।

सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि कोई भी प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले तथा ले-आउट स्वीकृत प्लाट ही खरीदें। बिना ले-आउट स्वीकृत कॉलोनी विकसित करना और प्लाटिंग करना अवैधानिक है। ऐसे बिना ले-आउट पास कालोनी में मकान बनाने या अन्य निर्माण पर रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जा सकता तथा ऐसे अवैध प्लाटिंग और कालोनियों तथा अनधिकृत निर्माण की स्थिति में विधिक व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा की जा सकती है।

सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में प्लाटिंग कर्ताओं को चेतावनी दी है कि बिना ले-आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग, निर्माण आदि न करें साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि कोई भी प्लाट खरीदने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले, यदि किसी प्लाटिंग/कालोनी में प्लाट क्रय कर रहे हैं तो यह अवश्य जानकारी कर लें कि प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा कालोनी का ले-आउट विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराया गया है या नहीं। यदि ले-आउट अप्रूव है तभी प्लाट/भूमि खरीदें, अन्यथा जब कालोनी को अवैध मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जायेगी तब आमजन के जीवन भर की पूंजी चली जायेगी। साथ ही अवैध कालोनी में आपके मकान का मानचित्र भी स्वीकृत नहीं होगा इसलिए उन्होंने आमजन से अपील की है कि रायबरेली विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लाटिंग/कालोनी में ही प्लाट खरीदें। किसी कालोनी का ले-आउट स्वीकृत है या नहीं या भू-उपयोग क्या है, इसकी जानकारी विकास प्राधिकरण में किसी भी कार्यालय दिवस में ली जा सकती है।

सचिव द्वारा आमजन से यह भी अपील की गयी है कि प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करा लें। मानचित्र स्वीकृति के लिए विकास प्राधिकरण में सिंगल विंडो सिस्टम है। विकास प्राधिकरण लैण्ड यूज के

## पंचायत चुनाव की अन्तिम सूची का प्रकाशन 15 अप्रैल को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने निर्देश दिये है कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का संशोधित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा।

उन्होंने बताया है कि संशोधित तिथि के अनुसार दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 16 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार किया जायेगा। 17 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जायेगा। 15 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अनन्तिम प्रकाशन किया

# मुख्यालय की सीमा में पहुंचने पर ज्योति कलश रथ यात्रा का किया गया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से निकाली गई ज्योति कलश रथ यात्रा का मुख्यालय की सीमा में शुक्रवार को हरिहरगंज पहुंचने पर गायत्री परिजनों ने भव्य स्वागत किया ।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से निकाली गई ज्योति कलश रथ यात्रा का मुख्यालय की सीमा में शुक्रवार को हरिहरगंज पहुंचने पर गायत्री परिजनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से पूरे भारत वर्ष में निकली ज्योति कलश यात्रा जनपद में भ्रमण के आठवें दिन जनपद मुख्यालय की सीमा हरिहरगंज में पहुंची, जिसका गायत्री परिजनों द्वारा पुष्प अक्षत द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा के टोली नायक शान्तिकुंज प्रतिनिधि गायत्री परिवार जनपद श्रावस्ती के जिला समन्वयक दधिबल सिंह जी का गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा व उप प्रबंध ट्रस्टी डॉ0 के0 के0 राणा द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जनपद बलरामपुर के बलरामपुर ब्लॉक में ज्योति कलश यात्रा के पावन आगमन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और आलोकित हो उठा। श्रद्धा, आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत इस दिव्य यात्रा ने जनमानस के हृदय में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया।हरिहरगंज के स्थानीय परिजन संतोष मिश्रा द्वारा आरती पूजन के पश्चात यात्रा पनहिया गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा कलश का आरती पूजन किया गया। उसके बाद शांतिकुंज हरिद्वार के टोली नायक दधिबल सिंह द्वारा उद्बोधन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन, पारिवारिक सद्भाव एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का संदेश दिया। गायत्री परिवार के जिला मीडिया प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इसके बाद कलश यात्रा अपने अगले गंतव्य के लिए सेखुइया कला चौराहा होते हुए खजुरिया, गौरा चौराहा, गोपालापुर, नसीबगंज, बिजुलीपुर मन्दिर सहित अन्य जगहों पर ग्रामीणों द्वारा आरती पूजन करते हुए व गायत्री परिवार का संदेश देते हुए सायं गायत्री शक्तिपीठ पहुंची, जहां भव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया गया । यात्रा के दौरान गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा, उप प्रबंध ट्रस्टी डॉ0 के0 के0 राणा, गायत्री परिवार जिला सह समन्वयक सीताराम वर्मा, वरिष्ठ परिजन के0 बी0 लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य दिलीप कुमार श्रीवास्तव, लोकेश श्रीवास्तव, महिला मंडल की रानी मिश्रा व परिवाजक राजकरण सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में पायनियर पब्लिक स्कूल की छात्राओं का चयन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की छात्राओं को राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट के लिए चयनित किया गया है।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के ''हॉकी'' ट्रायल में भाग लेने वाले छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी व उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सचिव रश्मि सिंह व विद्यालय के टीम कोच अमित राणा के संरक्षता में जिला खेल कार्यालय बलरामपुर द्वारा प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल हेतु भेजा गया। चयन प्रक्रिया में विद्यालय की छात्राओं में सुधा गौतम, अदिति सिंह, सुजाता सिंह, आलिया पासवान, सिद्धी त्रिपाठी, रिद्धी श्रीवास्तव, प्रार्थना कश्यप, डिम्पल यादव, अनिष्ठा अग्रवाल, शिवांगी सिंह होनहार खिलाड़ी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी खिलाडियों ने मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मण्डल स्तर पर ट्रायल दिया साथ ही इस ट्रायल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वीर बहादुर स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर के लिए राज्य स्तरीय टीम के लिए चयनित हुयीं। हर्ष का विषय है कि इनमें से 10 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। यह उपलब्धि न केवल चयनित खिलाड़ियो के लिए, बल्कि विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास, प्रशिक्षण के मार्गदर्शन तथा विद्यालय प्रशासन के सहयोग का परिणाम है। ''हॉकी'' प्रतियोगिता में उप क्रीडा अधिकारी गोण्डा अशोक कुमार सोनकर, खेलो इंडिया हॉकी कोच तौफीक के नेतृत्व में यह चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रबन्ध निदेशक, उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही अन्य छात्राओं को भी निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस सफलता से विद्यालय में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना हुआ है। निस्संदेह, यह उपलब्धि विद्यालय के खेल क्षेत्र में बढ़ते कदमों का प्रतीक है और आने वाले समय में और भी बड़ी सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# शादी समारोह के बीच एक लाख रुपये से भरा बैग लूटकर बदमाश फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बृहस्पतिवार देर शाम एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दूल्हे के पिता के हाथ से एक लाख रुपये से भरा बैग छीनकर बदमाश फरार हो गए।घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीपुर करनाईपुर गांव निवासी पूर्व शासकीय अधिवक्ता रंगनाथ मिश्रा के पुत्र दीपक मिश्रा की बारात अमर मैरिज लॉन में आई हुई थी।बृहस्पतिवार को गाजे-बाजे के साथ ककवा रोड स्थित कटरा राजा हिम्मत सिंह से बारात निकली थी।इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक बदमाश ने रंगनाथ मिश्रा के हाथ में पकड़ा हुआ रुपयों से भरा बैग झपट लिया।और मौके से भाग निकला।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटनास्थल से कुछ दूरी पर बाइक स्टार्ट कर दो अन्य साथी पहले से मौजूद थे।जैसे ही आरोपी बैग लेकर पहुंचा,तीनों बदमाश बाइक से तेज रफ्तार में फरार हो गए।घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।तथा संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है।पुलिस का कहना है,कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# इंटर मीडिएट फिजिक्स एवं हाई स्कूल फिजिकल एक्टिविटी की परीक्षा सभी परीक्षार्थी रहे उपस्थित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट फिजिक्स एवं हाई स्कूल फिजिकल एक्टिविटी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया। प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 20 फरवरी को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट फिजिक्स की परीक्षा के लिए पंजीकृत 175 सभी छत्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। वहीं हाई स्कूल फिजिकल एक्टिविटी विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी 43 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए।

दोनों कक्षाओं में कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को किया जा रहा है जागरूक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान में आज नगर पंचायत सलोंन के गोरही वार्ड स्थित रिया पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व सभासद इसरार हैदर रानू ने बोलते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंचितों महिलाओं दिव्यांगों बाल अपराध लोगों को कानूनी सहायता निशुल्क उपलब्ध कराता है। आप सभी लोग आज आप निवास व सरकारी योजनाओं के लिए जिला परिषद सेवा प्राधिकरण के सदस्यों से संपर्क करके अपना काम कर सकते हैं।

वहीं इसरार हैदर ने कहा कि कानून का पालन करना चाहिए उनके दायरे में रहकर के करना चाहिए। भारत का कानून यह हमारे अधिकारों की रक्षा करता है। भारत का संविधान ही भारत का गौरव है । गोष्ठी में पीएलबी नागार्जुन प्रसाद गुप्त ने 22 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में होने वाले ग्राहक मेगा जागरूकता शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि यह शिविर दिव्यांग महिलाओं बच्चों सरकारी योजनाओं सुमंगला कन्या योजना सामूहिक विवाह योजना पेंशन आवास राशन कार्ड आज की सीधे पत्रों को लाभ दिलाया जाएगा। वहीं पीएलबी माधुरी ने 14 मार्च को होने वाले लोक अदालत के भी जानकारी के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अलीम सर, सईद अहमद, मरियम, संगीता ,जैनब बानो, आलिया बानो, जमीला , आरफा , एवं विद्यालय के तमाम छात्र-छात्रा उपस्थिति रही।

## कुम्हार के घर एक करोड़ का जीएसटी नोटिस मिलने से पूरा परिवार परेशान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पीड़ित व्यक्ति का कहना है नोटिस अगर वापस नहीं होगी तो कुछ खाकर कर लेंगे आत्महत्या। कई सारे सवाल खड़े होते हैं कि नोटिस आने के साथ। इससे पहले भी सोशल मीडिया पर देखा गया कई सारे भिखारी भीख मांगते हैं लेकिन होते हैं करोड़ों रुपए के मलिक। इससे पहले रायबरेली में ही विकास भवन में देखा गया एक महिला के द्वारा भीख मांगने का काम किया जा रहा था। लेकिन एक पत्रकार ने जब हकीकत प्रकाशित करी तो पता चला महिला के पास लाखों की है संपत्ति। अब यह सवाल उठता है की 20 साल पहले गायब हुए पैन कार्ड की 5 साल के बाद कुम्हार को पैन कार्ड बनवाने की जरूरत क्यों पड़ी?? दूसरा सवाल अगर पैन कार्ड गायब हुआ था तो उसका FIR हुआ या नहीं ?? मामले की जांच के बाद ही कंफर्म होगा आखिर जीएसटी के नाम पर इतनी बड़ी साजिश करने वाले कौन हैं।

# 22 फरवरी को लगेगा मेगा-वृहद विधिक सेवा शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जनपद स्तर पर 22 फरवरी 2026 आयोजित मेगा/वृहद सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा/वृहद सेवा शिविर के सम्बन्ध में जनजागरुकता, लाभार्थियों के चिन्हीकरण एवं प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में तहसील सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड हरचन्दपुर के सभागार में लघु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरुकता कार्यक्रम में अमोद कंठ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया राजकीय इण्टर कालेज मैदान रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना समेत किसानों से जुड़ी योजनाओं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के अलावा बाकी भी सभी विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इस लघु जागरुकता एवं साक्षरता शिविर में खण्ड विकास अधिकारी हरचन्दपुर डा0 अंजू रानी वर्मा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमगंला योजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।इस जागरुकता कार्यक्रम में एल0ए0डी0सी0 के चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह के द्वारा जनपद में स्थापित लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल के कार्यों के सम्बन्ध व नालसा हेल्पलाइन नं0 15100 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस लघु जागरुकता कार्यक्रम मे पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, दुशेन्द्र कुमार, राजेश व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## मुझसे झगड़ा करो....बाथरूम में बेबिका के पीछे हाथ धोकर पड़ गई थीं

# मनीषा रानी

## अब हुआ बड़ा खुलासा



'बिग बॉस' के घर में अपनी बेबाकी और स्ट्रॉन्ग पर्सनैलिटी के लिए मशहूर बेबिका धुर्वे ने जियो हॉटस्टार और कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'द 50' में भी अपना कमाल दिखाया है. लेकिन बेबिका इस शो से बाहर हो चुकी हैं. रियलिटी शो का अपना सफर खत्म करने के बाद दुबई वापस पहुंच चुकीं बेबिका ने टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की एक्सक्लूसिव बातचीत में घर के अंदर के 'फेक' रिश्तों, प्लानिंग और कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों पर तीखे वार किए हैं. मनीषा रानी से लेकर रजत दलाल तक, बेबिका ने किसी को नहीं बख्शा.

**बेबिका, द 50 की आपकी जर्नी कैसी रही ? क्या आप अपनी परफॉरमेंस से संतुष्ट हैं ?**

बेबिका का जवाब: ईमानदारी से कहूं तो ये एक बहुत ही खूबसूरत सफर था. मुझे खुद यकीन नहीं था कि द 50 में मैं 17 एपिसोड्स तक टिक पाऊंगी. मुझे लगा था कि शायद पहले ही हफ्ते बाहर हो जाऊंगी. क्योंकि शो में न तो मेरा कोई पहले से दोस्त था और न ही कोई ग्रुप. मैं दुबई में रहती हूं, मुझे नहीं पता था कि मुंबई में कौन सा सेलिब्रिटी किसका दोस्त है. मैं एक 'अंडरडॉग' की तरह गई थी और वहां अपने दम पर दोस्त बनाए. मैं बहुत गर्व के साथ बाहर आई हूं, क्योंकि मैंने न तो किसी को बैकस्टैब किया, न पीछे बैठकर किसी की बुराई की और न ही कैमरे के लिए कोई नाटक किया. जो किया दिल से किया.



**इस शो में जाने से पहले क्या कुछ तय किया था आपने ?**

बेबिका का जवाब- बिल्कुल! मैं हर शो में इसी सोच के साथ जाती हूं कि वहां डिग्निटी से खेलना है. मुझे कैमरे के लिए जबरदस्ती की लड़ाइयां पसंद नहीं हैं. मैं 'फेम डेसपरेट' नहीं हूं. हां, अगर कोई ठोस वजह होती है, तो मैं चुप भी नहीं बैठती. इस शो में आधे लोग तो मुझसे डरे हुए थे क्योंकि उन्होंने मेरे पुराने शो देखे थे. मेरा एक खौफ था, इसलिए कोई बेवजह मुझसे भिड़ने की हिम्मत नहीं कर रहा था.

**इस शो में आपकी पुरानी साथी मनीषा रानी भी थीं, उनके साथ आपके रिश्ते को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं. क्या आप दोनों बिग बॉस के बाद कभी मिले थे, इस शो में आप दोनों के बीच सब ठीक था ?**

बेबिका का जवाब- देखिए, मेरी मैच्योरिटी का लेवल बहुत अलग है. मैंने अपनी लाइफ में कुछ लोगों को ब्लॉक कर रखा है और ब्लॉक मतलब सिर्फ सोशल मीडिया पर नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी से उनका वजूद (एक्सिस्टेंस) ही मिटा दिया है. अगर वो इंसान मेरे सामने करोड़ों बार भी आ जाए, तो मुझे फर्क नहीं पड़ता. आप यकीन नहीं मानेंगे, कुछ लोग (मनीषा रानी का नाम न लेते हुए) वहां इतने 'कलेश डेसपरेट' होते हैं कि बाथरूम में आकर मुझसे लड़ने की कोशिश करते थे ताकि कैमरे पर दिख सकें. वो मुझसे पूछते थे— 'तुम लड़ क्यों नहीं रही हो? मुझसे लड़ो. हमसे लड़ काहे नहीं रहीं हो?' लेकिन मैं उन्हें इग्नोर कर देती थी. अगर आप मेरी ब्लैकलिस्ट में आ गए, तो फिर आप मेरे लिए एक्सिस्ट ही नहीं करते हैं.

**आपको किसका इविक्शन सबसे ज्यादा अनफेयर लगा ?**

बेबिका का जवाब मुझे लगता है वंशज का इविक्शन अनफेयर था, और ये बात सिर्फ मैं नहीं, पूरा देश मानता है. लेकिन मुझे ये भी लगता है कि वंशजको बाहर आने के बाद शो या मेकर्स के बारे में इतना गंदा नहीं बोलना चाहिए था.

## 'हर कोई आपका...' जब

# ऋचा चड्ढा

## को मिला धोखा, करीबी ने उठाया फायदा



बेशक बॉलीवुड सेलेब्स एक लग्जरी और चकाचौंध से भरी लाइफ जीते हैं. हालांकि अक्सर ही फिल्मी सितारों के साथ कुछ ऐसा होता है, जिनपर फैंस के लिए भी यकीन करना मुश्किल हो जाता है. एक्टर हो या फिर कोई एक्ट्रेस करियर की शुरुआत में सभी को किसी न किसी कड़वे अनुभव का सामना जरूर करना पड़ता है. जानी-मानी एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा भी इस तरह की घटना का दर्द झेल चुकी हैं. करियर की शुरुआत में उन्हें अपने एक करीबी से धोखा मिला था.

कोई भी व्यक्ति जब होश संभालता है और कुछ चीजों को लेकर कच्चा या नादान होता है तो उस वक्त उसके सामने कुछ ऐसे हालात आते हैं जिसे उसके लिए समझना बेहद मुश्किल हो जाता है. एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा के साथ भी इसी वजह से एक ऐसे शख्स ने धोखा किया था, जिसपर वो हद से ज्यादा विश्वास करती थीं. लेकिन, उनका विश्वास टूट गया. हालांकि इस घटना से एक्ट्रेस को बड़ा सबक भी मिला था.




**ऋचा ने कहा- 'मैं भोली थी...'**

ऋचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र किया और किसी शख्स का नाम लिए बिना बताया, अपने करियर की शुरुआत में मुझे यह कड़वा सबक मिला कि हर कोई आपका इतना ध्यान नहीं रखता. मैं भोली थी. कुछ लोग थोड़े से अंतर से भी खतरा महसूस करते हैं और नहीं चाहते कि आप उनसे आगे निकल जाएं या उनकी स्पॉटलाइट छीन लें.

**ऋचा ने फ्रांस के राष्ट्रपति से की मुलाकात**

ऋचा चड्ढा ने हाल ही में मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की. इस मौके पर अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी, शबाना आजमी, जोया अख्तर जैसे बॉलीवुड कलाकार भी मौजूद थे. फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इन दिनों भारत दौरे पर हैं. ऋचा ने मैक्रों और उनकी पत्नी से मुलाकात के बाद खुशी जताई है.

ऋचा ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की. उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, सचमुच बहुत अच्छा लगा! राष्ट्रपति महोदय, इमैनुएल मैक्रों और ब्रिगिट मैक्रों (इमैनुएल मैक्रों की पत्नी) आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई. स्वतंत्र सिनेमा के बेहतर भविष्य को बढ़ावा देने में आपकी रुचि के लिए धन्यवाद.

## शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ को नहीं दिखा रमजान का चांद, परिवार के साथ छत पर जाना हुआ बेकार, बादलों ने अरमानों पर फेरा पानी




टीवी एक्टर और यूट्यूब पर अपने वीडियोज़ के जरिए छाए रहने वाले शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ ने रमजान के महीने की शुरुआत पर फैंस को मुबारकबाद दी है. शोएब ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें पूरा परिवार रजमान के चांद का दीदार करने की कोशिश करता दिखाई दिया. वीडियो में परिवार के कई लोग फैंस को इस पाक महीने की शुरुआत होने पर मुबारकबाद देते हुए नज़र आ रहे हैं. कुछ ही घंटों में इस वीडियो पर साढ़े 3 लाख से ज्यादा लाइक्स और हज़ारों कमेंट्स आ चुके हैं.शोएब इब्राहिम और दीपिका अब टीवी सीरियल से ज्यादा अपने व्लॉग के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं. ऐसे में रजमान का महीना शुरू होते ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मिनी व्लॉग शेयर कर दिया है. इसमें पूरा परिवार खुशियां मनाता दिखाई दे रहा है. वीडियो की शुरुआत में शोएब, दीपिका, शोएब की बहन सबा समेत पूरा परिवार छत पर जाता दिख रहा है और वहां रजमान के चांद को देखने की कोशिश करता है. हालांकि तमाम कोशिशों के बाद चांद का दीदार नहीं होता क्योंकि आसमान में बहुत बादल छाए हुए थे. वीडियो में शोएब और दीपिका का नन्हां बेटा रुहान भी नज़र आ रहा है.

वीडियो के बैकग्राउंड में कैलाश खेर की आवाज़ में गाया गया 'बिस्मिल्लाह' गाना इस माहौल को और भी खास कर रहा है. वीडियो में सभी परिवारवाले भी एक दूसरे को रमजान की शुरुआत होने पर मुबारकबाद देते दिखाई दे रहे हैं. पोस्ट शेयर करते हुए शोएब ने लिखा, रमदान मुबारक. बता दें कि उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर पूरा व्लॉग भी शेयर किया है. अपने व्लॉग में शोएब निराशा जाहिर करते हुए कहते हैं, आज तो नहीं दिखा चांद, हालांकि कल से रमजान तो हैज्चांद देखने का मजा ही अलग होता है. इंशा अल्लाह ईद में हम देखेंगे.

**फैंस भी दे रहे बधाई**

शोएब के इंस्टाग्राम पर 3.2 मिलियन फोलोवर्स हैं और यूट्यूब पर 3.69 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं. इस पोस्ट के शेयर करते ही उनके फैंस भी उन्हें बधाई देते नज़र आए. एक फैन ने लिखा, रमजान मुबारक. दुआ में याद रखना. एक ने लिखा, बेस्ट फैमिली.

**एक महीने रखे जाएंगे रोज़े**

रमजान का महीना मुसलमानों के लिए सबसे खास और पाक महीना माना जाता है. इस पूरे महीने मुसलमान दिन में बिना खाना और पानी के रहते हैं, जिसे रोज़ा कहा जाता है. साथ ही इबादत करते हैं. 30 रोज़े (कभी कभी 29) पूरे होने के बाद ईद होती है. ये मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है जो पूरे एक महीने की इबादत के बाद आता है.

## आलिया ने रणबीर कपूर की फिल्म से दीपिका पादुकोण को बाहर निकलवा दिया?




बॉलीवुड के दो कपल्स इस वक्त खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं और वजह हैं उनकी फिल्में. पहला कपल- आलिया भट्ट और रणबीर कपूर, जहां दोनों 'लव एंड वॉर' में साथ दिखने वाले हैं. तो एक्टर की 'रामायण' और 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है. जबकि दूसरे कपल हैं- रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण, जहां एक्टर 'धुरंधर' के बाद पार्ट 2 में बिजी हैं. तो इसके बाद 'प्रलय' पर भी काम करना है. जबकि, दीपिका को इस साल 'किंग' में देखा जाएगा और अल्लू अर्जुन की फिल्म में लीड एक्ट्रेस हैं. कुछ वक्त पहले रणबीर कपूर ने इंस्टाग्राम लाइव सेशन में बताया था कि वो RK Productions के तहत एक फिल्म बना रहे हैं. इस फिल्म में फीमेल लीड के तौर पर दीपिका पादुकोण का नाम सामने आया था. लेकिन अब नया अपडेट है कि वो फिल्म से बाहर हो गई है. साथ ही पूरा पचड़ा रणवीर सिंह और आलिया भट्ट से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है.इस वक्त रेडिट पर एक पोस्ट जमकर वायरल हो रही है. कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह के प्रोडक्शन में बननी वाली फिल्म 'प्रलय' में आलिया भट्ट के काम करने की इच्छा थी. उन्होंने यह बात एक्टर के सामने रखी भी थी, बावजूद इसके उन्हें फिल्म में नहीं लिया गया. जिसके बाद रणबीर-दीपिका के साथ काम करने पर खतरा आ गया. पर क्यों रणवीर सिंह की फिल्म के लिए उन्हें कंसिडर नहीं किया गया. यह भी इसमें लिखा गया है.

**क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण के बीच हमेशा से अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली है. यहां तक कि आलिया और रणवीर सिंह 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में साथ काम कर चुकी हैं. अब ऐसी चर्चा है कि इस फिल्म से ही कहानी में असली ट्विस्ट आया. कहा जा रहा है कि फिल्म के वक्त आलिया ने तगड़े क्क्र स्टंट्स कराए थे, ताकी सबकी नजरें उनके परफॉर्मेंस पर जाए. ऐसा हुआ भी और आलिया को फिल्म के लिए सारे अवॉर्ड मिल गए. जबकि, रणवीर सिंह को साइड लाइन कर दिया गया. जिसके बाद ही पूरी चीजें बदल गई और यही वजह बताई जा रही है, जिसके चलते आलिया को 'प्रलय' में नहीं लिया गया.

इस पोस्ट में मेंशन है कि शायद आलिया के कहने पर ही रणबीर कपूर ने अपनी फिल्म से दीपिका को बाहर किया होगा. हालांकि, एक्ट्रेस का ये फैसला खुद का हो सकता है. असली बात अब भी क्लियर नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा के बाद ये मामला निकलकर सामने आया है. लेकिन टीवी9 इसकी पुष्टि नहीं करता.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत के लिए बड़ा सबक है गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद

**ऐसे में एक बार फिर से सरकार के विजन, नीति और फंड की व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार प्राइवेट विश्विद्यालय और कॉलेजों के सहारे देश में नई, बड़ी और स्पेशल रिसर्च नहीं करवा सकती क्योंकि इनकी भूमिका और इनके कामकाज का पूरा ढांचा ही संदिग्ध है। एडमिशन से लेकर क्लास और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी कई बार गहरे सवाल खड़े हो चुके हैं। भारत सरकार रिसर्च, इनोवेशन और पेटेंट फाइल करने के नाम पर निजी विभविद्यालयों को जो मोटा फंड देती है, उसकी न्यायिक जांच करवाने का भी समय आ गया है।**

*20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है। दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज़्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है। विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने भी अपने झूठ को स्वीकार कर लिया। यूनिवर्सिटी ने एक लंबा चौड़ा बयान जारी कर यह स्वीकार किया कि यह रोबोडॉग उन्होंने नहीं बनाया है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर से झूठ का सहारा लेते हुए यह भी कह दिया कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इसे बनाने का दावा नहीं किया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें।**

# भाषाई विविधता का भविष्य : युवाओं की भूमिका निर्णायक



योगेश कुमार गोयल

**बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।**

मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा। मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 का विषय है 'बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की राय', जो भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की रक्षा, पुनर्जीवन और उपयोग में युवाओं की आवश्यक भूमिका को उजागर करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि शिक्षा प्रणाली समावेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षार्थियों की मातृभाषाओं को पहचानती और उनका समर्थन करती है। 2025 में यह दिवस 'भाषाएं मायने रखती हैं: अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2024 और 2023 की थीम क्रमशः 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' तथा 'बहुभाषी शिक्षाः शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोगः चुनौतियाँ और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरूआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढ़ाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से नब्बे फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है। लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।



**भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 13:01 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 07:07 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शुभ, 15:50 |
| सूर्योदयः | 06:58 |
| सूर्यास्तः | 18:22 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 09:49-11:15 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:17-13:03 |

## जन एक्सप्रेस

### चिंतन कुछ तो जारी !

*हुई मुलाकात है।*
*चिंतन कुछ तो जारी ।।*
*अंदरखाने लगता कुछ।*
*चल रही तैयारी ।।*
*सकारात्मक है कदम।*
*संवाद का ये क्रम ।।*
*हो जाते हैं दूर।*
*जितने सारे भ्रम ।।*
*है सत्ता अपनाना तो।*
*होगा रखना ध्यान ।।*
*हर छोटी सी बात का।*
*लेना ही संज्ञान ।।*
*काम पड़ा है ज्यादा।*
*और समय है अल्प ।।*
*सिलसिला चलता रहे।*
*ना कोई विकल्प ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# खांसी की समस्या से राहत के लिए घर पर बनाएं आयुर्वेदिक मिश्रण, मिलेगा आराम



**मौसम** में बदलाव के साथ अक्सर खांसी और सर्दी जैसी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसे में अक्सर लोग गर्म पानी पीने का सेवन करते हैं और कुछ लोग घरेलू उपायों को भी अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है औषधीय गुणों से भरपूर एक मिश्रण। इस मिश्रण में औषधीय गुणों से भरपूर प्याज, अदरक, नींबू और शहद जैसी चीजों को मिलाकर बनाया जाता है। इससे खांसी की समस्या से राहत देने में मदद मिल सकती है।

**खांसी से राहत के लिए आयुर्वेदिक मिश्रण के फायदेः** डॉक्टर चंचल शर्मा के अनुसार, औषधीय गुणों से भरपूर प्याज, अदरक, नींबू और शहद से बने आयुर्वेदिक मिश्रण का सेवन करने से स्वास्थ्य में सुधार करने और हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**गले के इंफेक्शन से राहत देः** औषधीय गुणों से भरपूर इस मिश्रण में मौजूद अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल के गुण होते हैं। ऐसे में इस मिश्रण का सेवन करने से गले की खराश को कम करने, गले और श्वसन तंत्र की सूजन को कम करने और बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव करने में मदद मिलती है।

**बलगम से दे राहतः** इस आयुर्वेदिक मिश्रण में मौजूद प्याज में अच्छी मात्रा में सल्फर कंपाउंड होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से बलगम को ढीला करके बाहर निकालने में मदद मिलती है, जिससे खांसी में आराम मिलता है।

**खांसी में आराम देः** औषधीय गुणों से भरपूर इस आयुर्वेदिक मिश्रण में मौजूद शहद गले की खराश को कम करने, गले के सूखेपन को दूर करने, इंफेक्शन से बचाव करने, गले को आराम देने और खांसी से राहत देने में मदद मिलती है।

**इम्यूनिटी बूस्ट करेः** इस आयुर्वेदिक मिश्रण में मौजूद नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने और बीमारियों से बचाव करने में मदद मिलती है।

**सूजन कम करेः** अदरक, शहद और प्याज के इस मिश्रण का सेवन करने से गले और श्वसन तंत्र की सूजन को कम करने और बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# मैक्रों की पुकार, मोदी का संकेत, क्या बदलेगा डिजिटल भविष्य?



प्रो. आरके जैन

**यदि भारत इस पहल से जुड़ता है, तो वैश्विक मानक तय हो सकते हैं। निस्संदेह, क्रियान्वयन सरल नहीं होगा। प्लेटफॉर्मस प्रतिरोध करेंगे, उपयोगकर्ता असंतोष प्रकट करेंगे। पर प्रश्न सीधा है जब बच्चों का भविष्य दाँव पर हो।**

**दिल्ली** के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देख कहा– 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है– क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूँजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुँचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे? यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं।

**अब निर्णय की घड़ी आ पहुँची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है– क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे? जी–7 की अध्यक्षता इस समय फ्रांस के पास है।**

अनवरत स्क्रीन पर अंगुली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। इमैनुएल मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है– क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विषैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे? भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है– क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियाँ बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है– क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी? विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं; कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है। इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आँकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है– क्या यह पर्याप्त है? इमैनुएल मैक्रों का स्पष्ट मत है– जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है– क्या वह प्रतीक्षा करेगा? यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' नरेंद्र मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। जब दोनों नेता एक स्वर में चेतावनी दे रहे हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में परिवहन मेले का भव्य आयोजन

## नई एकमुश्त कर व्यवस्था पर मिला स्पष्ट मार्गदर्शन, 1.32 लाख रुपये कर जमा

**शासन की नई कर नीति को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर में आयोजित परिवहन मेले में वाहन स्वामियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। एआरटीओ ने स्वयं उपस्थित रहकर नियमों की विस्तार से जानकारी दी और शंकाओं का मौके पर समाधान कराया।**







जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

परिवहन अनुभाग-4 उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना दिनांक 30 जनवरी 2026 तथा परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के 13 फरवरी 2026 के आदेशों के अनुपालन में शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर में परिवहन मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य शासन द्वारा लागू नई एकमुश्त कर व्यवस्था और अन्य जनहितकारी प्रावधानों की जानकारी वाहन स्वामियों तक पहुंचाना रहा। मेले में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने उपस्थित वाहन स्वामियों, चालकों और यूनियन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एकमुश्त कर व्यवस्था के नियमों, नई कर निर्धारण प्रक्रिया, कर की गणना, भुगतान की विधि तथा समय-सीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत कर भुगतान प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है, जिससे वाहन स्वामियों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी।

### सरल प्रक्रिया से बढ़ेगा अनुपालनः एआरटीओ वीरेंद्र सिंह

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा 'शासन की मंशा है कि कर व्यवस्था को पारदर्शी और सरल बनाया जाए। नई एकमुश्त कर योजना से वाहन स्वामियों को स्पष्टता मिलेगी और कर संबंधी विवादों में कमी आएगी। यदि किसी वाहन का कर 30 जनवरी 2026 से पूर्व का बकाया है तो उसका भुगतान पूर्व नियमावली के अनुसार ही किया जाएगा। इसके बाद वर्तमान में लागू एक कर योजना के अंतर्गत भुगतान संभव होगा। हमारा प्रयास है कि कोई भी वाहन स्वामी जानकारी के अभाव में परेशान न हो।' उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे समय पर कर जमा कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और दंडात्मक कार्रवाई से बचें।

### मौके पर ही समाधान, पंपलेट वितरण

मेले में वाहन स्वामियों द्वारा पूछे गए सवालों और शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया गया। वाहन स्वामी जावेद द्वारा बकाया कर संबंधी प्रश्न उठाया गया, जिस पर विभागीय अधिकारियों ने विस्तृत स्पष्टीकरण दिया। साथ ही, नई कर व्यवस्था की जानकारी सुलभ कराने हेतु पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि वाहन स्वामी भविष्य में भी नियमों का सही पालन कर सकें।

1.32 लाख रुपये का कर जमा परिवहन मेले के दौरान छह वाहन स्वामियों ने लगभग 1.32 लाख रुपये का कर कार्यालय में ही जमा कराया। विभाग ने इसे नई व्यवस्था के प्रति जागरूकता और विश्वास का सकारात्मक संकेत बताया।

### यूनियन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के साथ यात्रीकर/मालकर अधिकारी बरडिस चतुर्वेदी, वरिष्ठ सहायक लालाराम, राजेश कुमार सिंह, लोकेंद्र सिंह पुंडीर सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा लगभग 42 जीप, टैक्सी, ऑटो एवं पिकअप यूनियन के सदस्य भी मेले में शामिल हुए और कर व्यवस्था पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता मेले और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उद्देश्य यही है कि परिवहन विभाग और वाहन स्वामियों के बीच समन्वय बढ़े तथा कर व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

परिवहन मेले के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया और इसे जनसहभागिता की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके स्कूल के नौनिहाल

## स्वर्ण विशिष्टता व उत्कृष्टता पदकों से बढ़ाया जनपद का मानः डॉ संजीव अग्रवाल

**लिटिल एंजेल्स स्कूल, पीलीभीत का शानदार प्रदर्शन**

**साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण पदक**



**प्राथमिक स्तर**

- मिनाहिल भुट्टो, नवीश अग्रवाल, रियांश गोयल, तनिषा अग्रवाल (कक्षा 1), प्रत्युष दास, अथर्व कुलश्रेष्ठ, ईमन (कक्षा 2), समर्थ (कक्षा 3), अरायना अग्रवाल, भव्यंश कुमार और अनन्या सिंह (कक्षा 4)।

**उच्च प्राथमिक स्तर**

- गतिक गंगवार, समरीत कौर, एलन जूलियन, किटना अग्रवाल (कक्षा 5), सार्थ गोयल, उमामा खान, वंशिका गंगवार, अर्शिया अग्रवाल, मिशिका अग्रवाल (कक्षा 6), आराध्या अग्रवाल (कक्षा 7) तथा विराट सिंह, उदय गुप्ता व हाशिनी (कक्षा 8)।
- इन विद्यार्थियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लिटिल एंजेल्स स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण पदक अर्जित किए। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण छा गया।

उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. सी. पाठक, उप-प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना तथा प्रधान शिक्षिका नीना मेहरोत्रा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वर्ण विशिष्टता पदक से सम्मानित विद्यार्थी

अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनाही अग्रवाल (कक्षा 4), आरव रघुवंशी (कक्षा 6), अवनी गंगवार (कक्षा 9) तथा कक्षा 10 के अग्रिम राठौर और प्रत्युष प्रताप सिंह को स्वर्ण विशिष्टता पदक प्रदान किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपनी भाषाई दक्षता, तार्किक क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### स्वर्ण उत्कृष्टता पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के अनेक विद्यार्थियों ने स्वर्ण उत्कृष्टता पदक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता

परिश्रम और मार्गदर्शन का प्रतिफल ओलंपियाड प्रभारी उत्तम शर्मा एवं भुवनेश गोयल सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास, अनुशासन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन के कारण छात्र-छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं।

विद्यालय प्रबंधन डॉ संजीव अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनकी भाषा क्षमता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करती हैं। भविष्य में भी उत्कृष्टता की उम्मीद कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी लिटिल एंजल्स स्कूल के विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त कर पीलीभीत जनपद का नाम निरंतर रोशन करते रहेंगे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




कैलेंडर वर्ष 2026 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की द्वितीय बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए, ताकि पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

एआरटीओ ने जानकारी दी कि जनपद में 27 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 20 पर सुधार कार्य पूरा हो चुका है। शेष सात स्थलों पर अल्पकालीन सुधार किए गए हैं, जबकि स्थायी सुधार कार्य शेष है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित निर्माण एजेंसियों को शेष ब्लैक स्पॉट पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रंबल स्ट्रिप, कैट्स आई, ब्लिंकिंग लाइट, यातायात संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा गया। जनपद को 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित किया गया है। इसके तहत न्यूरिया, गजरौला, बीसलपुर, पूरनपुर और जहानाबाद थाना क्षेत्रों में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो वाहन चालकों को जागरूक करने, नियम उल्लंघन पर कार्रवाई बढ़ाने तथा दुर्घटना के कारणों की रिपोर्ट संबंधित विभागों को भेजने का कार्य कर रही हैं।राहवीर योजना और कैशलेस उपचार का प्रचार बैठक में 'राहवीर योजना' (हिट एंड रन) के अंतर्गत पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि तथा कैशलेस उपचार योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। गन्ना वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पूरनपुर-टनकपुर बाईपास मार्ग से चीनी मिल तक परिवहन की कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए गए। जिला गन्ना अधिकारी, चीनी मिल प्रबंधक, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को समन्वय स्थापित करने को कहा गया। साथ ही बिजली विभाग को नवनिर्मित बाईपास पर झूलते बिजली तारों को ऊंचा करने के निर्देश दिए गए। गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरनपुर और बीसलपुर तहसील मुख्यालय पर ट्रामा सेंटर स्थापित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर निकायों के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसान गोष्ठी का आयोजन कर बताए खेती करने के उपाय

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



शुक्रवार को पीलीभीत चीनी मिल के द्वारा पूरनपुर जोन क्षेत्र के गांव कीरतपुर में बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु एक बृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चीनी मिल के गन्ना उपाध्यक्ष केबी शर्मा, गन्ना प्रधान प्रबन्धक विनय सिंह, उपमहा प्रबन्धक गन्ना शिव स्वरूप सिंह के अलावा जिला कृषि वैज्ञानिक एसएस ढाका, जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर संजय श्रीवास्तव, सहकारी गन्ना विकास समिति लि0, पूरनपुर के पूर्व उपसभापति स्वदेश कुमार यादव, पूरनपुर क्षेत्र के राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहें। चीनी मिल के उप महा प्रबन्धक (गन्ना) शिवस्वरूप सिंह द्वारा चीनी मिल के माध्यम से गन्ना बुवाई प्रोत्साहन रूपी योजनाओं के बारे में बताया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ0 एसएस ढाका के द्वारा गन्ने की वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया गया। गोष्ठी का संचालन सहायक महा प्रबन्धक (गन्ना) राजीव शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में किसानों को बताया गया कि कृषकों द्वारा एमएचएटी से गन्ना बीज शोधन कराने पर 60/- रू प्रति कुन्तल लेबर व ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी देने, बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में जो कृषक गन्ना प्रजाति को0 15023, को0 0118 को0शा0 13235 को0 लख0 16202 की बुवाई करने वाले कृषकों को 25 प्रतिशत पर पेस्टीसाइड उपलब्ध करायी जायेगी। जो कृषक गेहूँ की कटाई के बाद गन्ना प्रजाति को0 15023 की बुवाई करेंगे उन कृषकों को एक एकड़ पर 04 बैग बायो पोटाश चीनी मिल द्वारा मुफ्त मे उपलब्ध करायी जायेगी। जो कृषक गेहूँ कटाई के बाद अपना गन्ना बीज रोकेंगे उन गन्ना बीज धारक कृषकों को 25/- रू0 प्रति कुन्तल की दर से चीनी मिल द्वारा अनुदान (सब्सिडी) दी जायेगी। किसानो को अपने खेत को 3 से 04 वर्ष के अन्तराल में अपने खेत को कम्प्यूटर करहा से समतल अवश्य करायें। कृषक भाई ट्रेन्च विधि से अपने गन्ने की बुवाई करें तथा प्रत्येक कूड के कूड की दूरी 3 से 4 फिट की रखें।कृषक भाई गन्ना बुवाई में प्रत्येक कूड की गहराई 10-12 इंच तक रखें। कृषक भाई ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार व पोटाश का उपयोग अवश्य करें। गन्ना बुवाई करते समय दो आँख के टुकडो का ही प्रयोग करें। बुवाई करते समय पहले खाद डाले फिर बीज की बुवाई करें उसक बाद हल्की मिट्टी (1 से 2 इंच) डाले तथा पाटा नहीं लगाये।

# पीलीभीत में व्यापार मंडल की युवा ताकत सक्रियः नए चेहरों को मिली कमान, संगठन को नई दिशा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शहर के व्यापारिक परिदृश्य में बदलती चुनौतियों और प्रतिस्पर्धा के दौर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अपनी युवा इकाई का विस्तार करते हुए संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की है। युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा के नेतृत्व में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कई नए व्यापारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में उत्साह, एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां लगातार जटिल होती जा रही हैं। ऐसे में संगठित रहना व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, 'पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी और जवाबदेही भी बढ़ाता है। हमें अपने निजी व्यवसाय के साथ-साथ संगठन के लिए भी समय निकालना होगा, तभी व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। 'उन्होंने आगे कहा कि यदि व्यापारी वर्ग एकजुट रहेगा तो प्रशासनिक स्तर पर भी उनकी आवाज अधिक मजबूती से सुनी जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने नवगठित टीम का स्वागत करते हुए संगठन की मूल भावना—निस्वार्थ सेवा, पारदर्शिता और सामूहिक नेतृत्व—पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल पदों से नहीं, बल्कि सक्रियता और समर्पण से होती है। नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने कहा कि युवाओं की बढ़ती भागीदारी से संगठन को नई गति मिलेगी। जमीनी स्तर पर सक्रिय टीम व्यापारियों की समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेकर समाधान की दिशा में ठोस पहल करेगी।

युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ उसकी युवा शक्ति होती है। युवाओं के जुड़ने से नई सोच, आधुनिक कार्यशैली और तकनीकी समझ का लाभ मिलता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि युवा इकाई व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी और व्यापार से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाजारों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, ऑनलाइन व्यापार की चुनौती और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जटिलता के बीच संगठन की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे समय में युवाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन को सशक्त बनाएगी।

कार्यक्रम में ऋषभ सिंह, रजी अंसारी, ताबिश, अभिलाष गुप्ता, हर्षित गंगवार और राजेश मौर्या सहित कई गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। अंत में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन संकेत देता है कि पीलीभीत का व्यापारिक नेतृत्व अब युवाओं के कंधों पर नई रणनीति और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। यदि संगठनात्मक एकता और सक्रियता इसी प्रकार बनी रही, तो व्यापारियों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान में निश्चित ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# पुलिस बल की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन और तत्परता हैः पुलिस अधीक्षक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त रखने की मंशा के साथ शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित भव्य परेड महज औपचारिकता नहीं रही, बल्कि यह सुरक्षा तंत्र की वास्तविक तैयारियों की परीक्षा साबित हुई। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने परेड की सलामी लेकर जवानों के अनुशासन, टर्नआउट और आपातकालीन दक्षता का गहन निरीक्षण किया। सुबह पुलिस लाइन मैदान में सुसज्जित टुकड़ियों की कदमताल और तालमेल ने अनुशासन की झलक पेश की। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन और तत्परता है। वर्दी की साज-सज्जा से लेकर शारीरिक दक्षता तक हर बिंदु पर बारीकी से नजर डाली गई।



### शस्त्र दक्षता और रखरखाव पर विशेष फोकस

निरीक्षण के दौरान शस्त्र ड्रिल का प्रदर्शन कराया गया। जवानों ने शस्त्रों को खोलने, जोड़ने और संचालित करने की प्रक्रिया का सटीक प्रदर्शन किया। एसपी ने निर्देश दिए कि शस्त्रों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तकनीकी खामी बाधा न बने। यह निर्देश स्पष्ट संकेत देता है कि प्रशासन आकस्मिक परिस्थितियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रहा है।

जनपद में रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से क्र 112 की पीआरवी गाड़ियों का भी सघन निरीक्षण किया गया। वाहनों की तकनीकी स्थिति, फर्स्ट एड किट और जीवनरक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता को परखा गया। एसपी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना या मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में उपलब्ध संसाधनों का त्वरित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। परेड के उपरांत केंद्रीय पुलिस कैंटीन, अग्निशमन शाखा, फायरिंग बट और आदेश कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। अग्निशमन उपकरणों की स्थिति पर संतोष जताते हुए सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रतिसार निरीक्षक को परिसर में स्वच्छता और पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण बताता है कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए इस तरह की नियमित समीक्षा बेहद जरूरी है।

# पीलीभीत में लापता युवक की मौत, देरी से सक्रियता पर उठते सवाल

## गुमशुदगी को गंभीरता से लेने की जरूरत, हर घंटे कीमती होता है

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के थाना न्यूरिया क्षेत्र में दस दिन से लापता युवक का शव गेहूं के खेत में मिलने की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। ग्राम उल्हेतापुर निवासी 30 वर्षीय ललित कुमार उर्फ लालू 11 फरवरी को बारात में शामिल होने गए थे और फिर घर नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन के बाद 14 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई, लेकिन नौ दिन बाद उनका शव बिठौरा खुर्द के पास खेत में मिला। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिह्न है।

### क्या गुमशुदगी को 'सामान्य प्रक्रिया' मान लिया गया?

ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि शुरुआती दिनों में पुलिस की सक्रियता अपेक्षित स्तर की नहीं रही। यदि शिकायत दर्ज होते ही तत्काल सघन खोज अभियान चलाया जाता, बारात में शामिल लोगों से उसी समय विस्तृत पूछताछ होती, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों पर तेजी से काम होता, तो शायद स्थिति कुछ और होती। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गुमशुदगी के मामलों में शुरुआती 24 से 48 घंटे सबसे निर्णायक माने जाते हैं। देरी न केवल साक्ष्यों को कमजोर करती है, बल्कि पीड़ित की जान बचाने की संभावनाएं भी कम कर देती है।

### हत्या, दुर्घटना या साजिश सच क्या है?

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विभिन्न कोणों से जांच की बात कही है। लेकिन जब कोई युवक बारात में जाता है और दस दिन बाद खेत में मृत मिलता है, तो स्वाभाविक रूप से हत्या की आशंका गहराती है।? यह जरूरी है कि जांच केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे। बारात में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति से गंभीरता से पूछताछ, कॉल डिटेल्स का विश्लेषण, आखिरी लोकेशन की पुष्टि और घटनास्थल के वैज्ञानिक साक्ष्यों का संरक्षण ये सभी कदम पारदर्शिता के साथ उठाए जाने चाहिए।

### प्रशासन के लिए सीख का अवसर

यह घटना केवल एक आपराधिक प्रकरण नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्रतिक्रिया की परीक्षा भी है। यदि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दो दिन पहले हस्तक्षेप कर उच्च अधिकारियों से बात करनी पड़ी, तो यह संकेत है कि निचले स्तर पर सक्रियता में कमी रही। गुमशुदगी को 'रूटीन केस' मानने की मानसिकता बदलनी होगी। हर शिकायत को संभावित आपात स्थिति की तरह लेना होगा। आधुनिक तकनीक, त्वरित टीम गठन और सार्वजनिक सहयोग से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

### समाज की भी जिम्मेदारीः निष्पक्ष जांच ही शांति का मार्ग

समाज को भी सजग रहना होगा। यदि किसी व्यक्ति को संदिग्ध हालात में देखा जाए या कोई जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करना नागरिक कर्तव्य है। कई बार छोटी सी सूचना बड़े रहस्य का खुलासा कर देती है।

ललित कुमार की मौत ने एक परिवार को उजाड़ दिया है। गांव में शोक और आक्रोश दोनों हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि जांच पारदर्शी और समयबद्ध हो। दोषियों की पहचान और कठोर कार्रवाई ही जनविश्वास बहाल कर सकती है।

यह घटना एक चेतावनी है—लापता व्यक्ति की हर सूचना पर तत्काल और गंभीर कार्रवाई ही भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोक सकती है। प्रशासन यदि इससे सीख लेता है, तो शायद किसी अन्य परिवार को ऐसी पीड़ा न झेलनी पड़े।

# घर के आंगन में पेंड से लटका मिला दिव्यांग का शव

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

घर के आंगन में संदिग्ध परिस्थितियों में दिव्यांग का शब पेड़ से लटका मिला। जिससे खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस जांच रही है।

मामल घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव डूंडा का है। गांव निवासी हरिश्चंद्र (30) वर्ष दिव्यांग था। वह अपने परिवार से अलग अपने घर में रहता था। मृतक का एक भाई आजीविका चलाने के लिए एक ईंट भट्ठे पर गोरखपुर काम करने गया हुआ है। शुक्रवार को सुवह करीब नौ बजे पड़ोसियों और ग्रामीणों ने उसका शव उसके घर के आंगन में खडे पेड़ से लटका देखा।

जिससे खलबली मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। जिस पर परिजन रोते हुए मौके पर पहुंचे,कुछ ही देर बाद जानकारी पर लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। मामले की सूचना पाकर घुंघचाई थाना प्रभारी जयशंकर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, उन्होंने परिवार व पडोसियों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने मृतक के शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस इसको आत्महत्या मान रही है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही पता चलेगा। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### रिस्तेदारी में आए महेमान को पीटकर किया घायल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। रिश्तेदारी में आए युवक को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव नौगमा भुडिया निवासी नेकपाल ने वताया कि वह 16 फरवरी को पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेरचौरा निवासी अपने रिस्तेदार गोपाल के यंहा दावत में शामिल होने आया था ।रात्रि करीव दस बजे रिस्तेदार प्रमोद ने जीजा के घर जाकर सोने के लिए कहा। पीडित लेटा हुआ था इसी दौरान प्लानिंग के तहत प्रमोद की पत्नी शीतला ने फोन कर न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी सचिन, अमन, शकुंतला देवी को वुला लिया ।आरोप है कि सभी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और प्रमोद व शीतला की शह पर उसको घेरकर मारा पीटा। इसके उसकी आंख पर घूंसा से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जैसे तैसे उसने भाग कर अपने आप को बचाया। घायल को सीएचसी लाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# एआरटीओ कार्यालय में लगा वन टाइम टैक्स मेला में नई व्यवस्था की दी जानकारी

## वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान की जटिल प्रक्रिया से राहत देना

**जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)**



प्रदेश सरकार द्वारा 30 जनवरी से व्यावसायिक वाहनों पर वन-टाइम टैक्स की नई व्यवस्था के तहत उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, उरई में परिवहन मेला का अयोजन किया गया।

सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) द्वारा मेला में उपस्थित समस्त जनों को बताया गया कि उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम में संशोधन कर सरकार ने परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार किए हैं। इसके तहत भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाले दो पहिया वाहन (बाइक), मोटर कैब, मैक्सी कैब, माल वाहन और सार्वजनिक वाहन सहित सभी व्यावसायिक वाहनों पर अब वन-टाइम टैक्स की व्यवस्था वाहन पोर्टल पर तकनीकी रुप से लाइव हो चुकी है। तिपहिया मोटर कैब पर वाहन मूल्य का 7 प्रतिशत, 10 लाख रुपये तक की मोटर कैब व मैक्सी कैब पर 10.50 प्रतिशत और 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य की मोटर कैब व मैक्सी कैब पर 12.50 प्रतिशत कर देना होगा। माल वाहनों में 3000 किलोग्राम तक के वाहनों पर 3 प्रतिशत और 3000 से 7500 किलोग्राम तक के मिनी ट्रक आदि पर 6 प्रतिशत एकबारीय कर निर्धारित किया गया है। पूर्व से पंजीकृत वाहनों के वाहन स्वामियों को राहत देते हुए प्रत्येक बीते वर्ष के लिए एकवारीय कर की राशि में 8 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह भी बताया गया कि इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान की जटिल प्रक्रिया से राहत देना, पारदर्शित बढ़ाना और कर प्रणाली को सरल बनाना है। उपरोक्त नई व्यवस्था का लाभ उठाने हेतु सभी अपील की गयी। परिवहन मेला में उपस्थित सभी जनों को सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर, मालकर अधिकारी, संतोष कुमार पटेल, मोटर वाहन निरीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से सड़क सुरक्षा सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी गयी एवम् हिट एण्ड रन योजना, राहवीर योजना, आयुष्मान भारत योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया व सभी जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। मेला में सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), राजेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर मालकर अधिकारी, संतोष कुमार पटेल, मोटर वाहन निरीक्षक, बस, ट्रक, ऑटो, टैम्पो-टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी, जनपद के वाहन विक्रेता, डीलर, वाहन स्वामी व वाहन चालक, परिचालक बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण एईआरओ के साथ मीटिंग में की समीक्षा



**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की तथा प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दावे और आपत्तियों की सुनवाई पूर्ण पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ की जाए। एईआरओ यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मतदाता से आवश्यक वैध दस्तावेज प्राप्त कर नियमानुसार परीक्षण करते हुए आपत्तियों का त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे। यदि कोई मतदाता आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करता है तो उसके प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण करें। साथ ही यह भी कहा कि प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, ताकि वे सही प्रपत्र भर सकें और सुनवाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जनपद में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य करें, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# जीएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान बस में पकड़ा सामान, ठोका 20 हजार का जुर्माना

## अचानक हुई कार्यवाही से प्राइवेट स्लीपर बस संचालकों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)**

दिल्ली से स्लीपर बसों में सामान भरकर लाया जाता है। शुक्रवार की सुबह जीएसटी टीम ने बस की चेकिंग कर लाए गए सामान को पकड़ा और बस को मंडी में खड़ा कराया। सामान के लिए 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

नगर से होकर प्रतिदिन आधा दर्जन से अधिक स्लीपर बसों का संचालन दिल्ली के लिए होता है। इन बसों में सवारियों के साथ ही दिल्ली से व्यापारी सामान खरीदकर लाते हैं, उनकी ढुलाई भी होती है। इसका संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल हरिवंश शेखर ने शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय चैराहे पर दिल्ली से आने वाली बस को चेक किया। जिसमें सवारियों के साथ ही सामान भी लदा हुआ था। सामान के कागजात न मिलने पर उन्होंने सवारियों को उतरवाकर बस को मंडी परिसर में खड़ा करा दिया। इस बाबत सहायक आयुक्त ने बताया कि बस को चेक किया गया था। 20000 रुपये जुर्माना लगाया गया है जिसे जमा भी करा लिया गया है। बस चेकिंग के दौरान सवारियों को गल्ला मंडी परिसर में ही उतार दिया गया। इस बस में महोबा, राठ, हमीरपुर, आदि स्थानों के लिए सवारियां बैठी थीं। रास्ते में ही सवारियों को




उतारने से सवारियां परेशान होती नजर आई। सुबह आठ बजे तक उनके जाने की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। सुबह के समय नित्य कर्मो के लिए लोग परेशान होते नजर आए। महिलाओं को बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हुई। बच्चे भी भूख से परेशान नजर आए। अंत में सवारियां स्वयं ही दूसरे वाहनों पर सवार होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुईं।

# दहेज प्रथा, जातिवाद, मृत्यु भोज जैसी प्रथायें सामाजिक कुरीतियां: दीक्षित

**जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)**

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय द्वारा सात द्विवसीय शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन समरसता व नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों व नारी सशक्तिकरण पर बल दिया गया। सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन समरसता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रथम इकाई के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवनीश दीक्षित ने समाज में फैली कुरीतियों दहेज प्रथा, जातिवाद, मृत्यु भोज आदि विषय पर विचार रखते हुए कहा कि यह सभी सामाजिक कुरीतियां हैं। इनसे समाज का हित नहीं होता है। समाज में व्याप्त इन कुरीतियों को मिलकर समाप्त किया जाना चाहिए। द्वितीय इकाई प्रभारी विनय दीक्षित ने समाज में फैली कुरीतियों को विकास में बाधक और घातक बताया। कार्यक्रम में चंद्रभान मिश्रा ने नारियों को सम्मान देने के साथ ही उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने का आहवान किया। कहा कि आज की महिलाएं सभी क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अन्य महिलाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। नारियों की दशा एवं दिशा में तभी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। नारी को स्वयं की शक्ति को पहचानना होगा तभी बात बनेगी। एक नारी के शिक्षित होने से पूरी पीढ़ी सशक्त हो जाती है।

# रमजान माह के पहले जुमे पर मुल्क में अमनचैन की मांगी दुआयें

**जन एक्सप्रेस। कालपी (जालौन)**



कालपी नगर में स्थित दर्जन भर मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान माह के प्रथम जुमे पर मस्जिदों पर भारी तादाद में रोजेदारों तथा नमाजियों ने नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन चेन के लिए हजारों हाथ उठाकर अल्लाह से दुआये मांगी।

रमजान माह के पहले जुमा में मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज अदा की। मस्जिदो में रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ रही। वहीं इस भीड़ को दृष्टिगत रखते हुये मस्जिदों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रमजान मुबारक के पहले जुमा की नमाज को अदा करने के लिए निर्धारित समय से पहले ही नमाजियों ने मस्जिदों में पहुंचना शुरू कर दिया था। खानकाह मुहम्मदिया मस्जिद में मुफ्ती-ए-शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ने नमाज अदा कराई। उन्होंने अपनी तकरीर में रोजा, नमाज, जकात, हज के बारे में जानकारी देते हुए नेकी के रास्ते में चलने का आह्वान किया। बड़ा बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद में मौलाना नजमुल हुदा की इमामत में दोपहर एक बजे हजारों नमाजियों के द्वारा नमाज अदा की गई। बड़ी मस्जिद मुड़िया गुम्बद मस्जिद, मखदूमिया मस्जिद में इमाम मौलाना जियाउद्दीन की इमामत में नमाज अदा की गई। तहसील मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद, शुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की 3 मस्जिदों में जुमे की नमाज में नमाजियों ने अल्लाह से खुशहाली तथा अमन की दुआये मांगी। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदो के आसपास सतर्कता बरती गई। जुमे की नमाज को मद्देनजर रखते हुए मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के समापन के बाद एएसपी ने नमाजियों से मुलाकात करते हुए कहा कि जुमे की नमाज की सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान खुफिया विभाग भी सक्रिय रहा। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह फुलपावर चैराहा, जुलैहटी, हरीगंज आदि स्थानों में भ्रमण शील रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिश्रित खोया दूध के नमूने किये संग्रहित

**जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)**

आगामी होली त्योहार को देखते हुये व शासन द्वारा प्राप्त आदेशों के क्रम में जनपद की तहसीलों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्यवाही कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थ खोया, मिश्रित दूध के नमूने संग्रहित किये। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उप्र एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार व सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद की टीम लगातार सक्रिय है। होली त्योहार पर लोगों को सुरक्षित आहार उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जालौन तहसील के ग्राम टिकरी में स्थित रामदत्त मिश्रा की खोया भट्टी से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित किया व श्याम हरि की भट्टी से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा जागरूकता अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य) जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार तथा महेश प्रसाद उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने माधौगंज ब्लॉक का किया निरीक्षण, लापरवाही पर ग्राम सचिव निलंबित

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

हरदोई।सीडीओ सान्या छाबड़ा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विकास खंड कार्यालय माधौगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लॉक परिसर, प्रशासनिक भवन,आवासीय परिसर,मनरेगा सेल,एनआरएलएम सेल तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत कक्ष का अवलोकन किया।



सीडीओ ने प्रशासनिक भवन में विभिन्न पटल पर अभिलेखों के रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई, जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति तथा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने पारिवारिक लाभ योजना के फॉर्म सत्यापन में लंबित प्रकरण पाए जाने पर उत्तरदायी ग्राम विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए।सीडीओ ने ब्लॉक परिसर में पार्किंग स्थल का निर्माण कराए जाने तथा औषधीय एवं शोभाकारी वृक्षारोपण कर पार्क के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। बीआरजीएफ के अंतर्गत लगभग 15 वर्षों से अधूरे पड़े सभागार के संबंध में बीडीओ से उत्तरदायित्व निर्धारण सहित विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने एवं निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय बीडीओ सर्वेश कुमार अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।ब्लॉक निरीक्षण के उपरांत सीडीओ ने ब्लॉक बिलग्राम के ककराखेड़ा गांव में आयोजित ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग किया। उन्होंने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों से फीडबैक प्राप्त किया। चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के 153 लोगों की जांच कर परामर्श दिया गया। कृषि विभाग ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप में 17 किसानों का पंजीकरण किया। आपूर्ति विभाग ने 3 राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान किया। विद्युत विभाग ने 4 उपभोक्ताओं के बिल जमा कराए तथा 12 मीटर संबंधी शिकायतें दर्ज कर निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्रामीण चौपाल में एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अवशेष 36 लोगों की परिवार रजिस्टर की नकल तत्काल जारी करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए गए। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया गया। एक पात्र व्यक्ति कुरेंद्र पाल का आधार सत्यापन कर मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाकर उपलब्ध कराया गया।बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा एक बच्चे का अन्नप्राशन एवं एक महिला की गोद भराई कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया।ग्रामीण चौपाल में एसडीएम नन्हे राम,बीडीओ बिलग्राम नीरज शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी बिलग्राम डॉ. राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पति सहित चार ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर निवासी पति सहित चार ससुराली जनों पर एक विवाहिता ने दहेज में 10 लाख रुपए की नगदी न मिलने के कारण घर से निकाल देने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम परेली निवासी आंचल मिश्रा पुत्री उमेश पाठक के अनुसार उसका विवाह 27 जनवरी 2023 को उधरनपुर निवासी प्रत्यूष मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा के साथ संपन्न हुआ था। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे, और लगातार 10 लाख रुपए नगदी की मांग कर रहे थे। आंचल के अनुसार उसने इतनी नकदी देने के लिए असमर्थता जताई है तो 18 जनवरी 2026 को शाम 7रू30 बजे उसे पति प्रत्यूष मिश्रा, ससुर प्रदीप मिश्रा, सास गीता मिश्रा, ननद सौम्या मिश्रा द्वारा जानमाल की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया।

# पिहानी क्षेत्र में 3 किशोरियां तालाब में डूबी, एक को सुरक्षित निकाला-दो की तलाश



**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

पिहानी थाना क्षेत्र के देहेलिया गांव के मजरा रामपुर में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सिंघाड़े निकालने गयी तीन किशोरियां तालाब के गहरे पानी में डूब गईं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और कोहराम मच गया। हालांकि एक किशोरी को तालाब से सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि अन्य दो किशोरियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार पिहानी थाना क्षेत्र के देहेलिया मजरा रामपुर गांव निवासी कमलेश की पुत्रियां क्रमशः प्रियंका (12 वर्ष) और आरुषि (13 वर्ष) व जानवी (14 वर्ष) शुक्रवार को तालाब से सिंघाड़ा निकालने गयी थी। जहां तीनो किशोरियां तालाब के गहरे पानी मे पहुंच गई और डूबने लगी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जानवी को जब तक तालाब से सुरक्षित बाहर निकाला तब तक प्रियंका व आरुषि डूब गई। उनकी तालाब में गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। फिलहाल जानवी की हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि तीनों किशोरियां तालाब में सिंघाड़े निकालने गई थीं। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे गहरे पानी में चली गईं। जानवी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाल लिया, लेकिन अन्य दो किशोरियों का देर तक कोई सुराग नहीं लग सका।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से खोज अभियान शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों लापता किशोरियों की तलाश जारी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर डटे रहे और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते रहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें और खोज अभियान में सहयोग करें।

## सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** 16 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी ने कोतवाली में आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गौहनिया निवासी श्रीदेवी पत्नी श्रीपाल के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को उसका पति श्रीपाल भतीजे अवधेश के साथ बाइक से शाम को 4:00 बजे शाहाबाद से घर वापस लौट रहे थे। पाली मार्ग पर तेज रफ्तार डाला लेकर आ रहे कप्तान पुत्र बाबू निवासी कुमहारन पुरवा मजरा गौहनिया ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। जहां 24 दिसंबर को इलाज के दौरान उसके पति श्रीपाल की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# आपसी सौहार्द-भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं त्यौहार: सीओ

**जन एक्सप्रेस। शाहाबाद**

शाहाबाद कोतवाली में सीओ आलोक राजनारायण की अध्यक्षता में रमजान और होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में संपन्न हुई। इस मौके पर नवागत प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीओ आलोक राज नारायण ने कहा आप सभी संभ्रांत जनों से अनुरोध है कि आने वाले पर्व होली और रमजान आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं।सीओ ने कहा कि शाहाबाद को शांति प्रिय शहर है। यहां कभी भी कोई विवाद नहीं हुआ है । ठीक इसी तरह से आप लोग आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ एक दूसरे के त्योहारों में शामिल हों और खुशियां मनाएं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा अगर कोई भी व्यक्ति अमन चौन में खलल करने का प्रयास



करता है तो उसकी सूचना क्षेत्र के चौकीदार, बीट प्रभारी, उपनिरीक्षक या सीधे कोतवाली प्रभारी को दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। नवागत थाना प्रभारी अरविंद राय ने उपस्थित संभ्रांत जनों से परिचय किया और बताया कि उन्होंने आज ही पदभार ग्रहण किया है इसलिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सभी लोग सहयोग बनाए रखें पुलिस हर संभव आपका सहयोग और सुरक्षा करेगी। इस अवसर पर जुनैद अली खान, प्रधान राम रूप, सत्यवीर अजमल खान रमाकांत आदि मौजूद रहे।

# सुगम यातायात के लिए बेतरतीब खड़े वाहन, ढ़ाबे, खोखे आदि तत्काल हटवायें: अनुनय झा

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

हरदोई।जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेऊ्ट में आहूत की। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय तथा अन्य मार्गो से गुजरने वाले ओवर लोड वाहनों की चेकिंग करें और सुगम यातायात के लिए सड़को पर बेतरतीब खड़ें होने वाले वाहनों, अवैध रूप से संचालित ढ़ाबों एवं खोखे को तत्काल प्रभाव से हटवायें तथा वन विभाग एनएचए मार्गो के किनारे लगी झाड़ियों को कटवाकर सफाई कराये।



नगर में अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ईओ नगर के मुख्य मार्गो पर वैन्डिग जोन बनवायें तथा मार्गो के किनारे के अतिक्रमण को अभियान चलाकर खाली कराये और बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बढ़ते ई रिक्शों से खराब हो रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि ई रिक्शों के रूट निर्धारित कर क्यूआर कोड जारी करायें और रूट का पालन न करने वालों पर यातायात पुलिस कार्यवाही करें। उन्होने आरटीओ से कहा कि गन्ना भरे वाहनो पर ओवर लोडिंग पर विशेष नजर रखें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित एनएचए, लखनऊ व कानपुर के अधिकारियों को निर्देश दिये एनएच मार्गो से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटवायें। बैठक में एआरटीओ प्रशासन, परिवर्तन, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या

# हरदोई में एसपी की बड़ी कार्रवाई लापरवाही पर शाहाबाद कोतवाल निलम्बित

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

हरदोई में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बड़ी कार्यवाई करते हुए डकैती, हत्या और छिनैती जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम में कथित लापरवाही और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जनपद की शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में बढ़ती वारदातों पर अपेक्षित नियंत्रण न होना और विवेचनाओं के निस्तारण में रुचि न लेना इस कार्रवाई की मुख्य वजह बना। क्षेत्राधिकारी शाहाबाद की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने



सख्त कदम उठाया। एसपी ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि कर्तव्यों में शिथिलता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लापरवाही पर अब सीधी और कड़ी कार्रवाई तय है। विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी विजय कुमार को बिलग्राम थाने की कमान सौंपी गई है।वहीं बिलग्राम में तैनात इंस्पेक्टर अरविंद राय को शाहाबाद कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है।

# बालू से भरे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा, खनिज विभाग को भेजी रिपोर्ट

## नगारा घाट मार्ग पर कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप, विरमा नदी में अवैध खनन की चर्चाएं तेज

जन एक्सप्रेस। महोबा

थाना पनवाड़ी क्षेत्र में अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालू से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़कर खनिज विभाग को रिपोर्ट प्रेषित की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार नगारा घाट मार्ग पर रात्रि के समय बालू से लदे ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही देखी जा रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा भी इस संबंध में शिकायतें की जा रही थीं। सूत्रों के मुताबिक बुडेरा के पास पुलिस को नगारा घाट की ओर से आ रहा एक संदिग्ध ट्रैक्टर दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रोककर चालक से खनन संबंधी वैध प्रपत्र मांगे, लेकिन वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया गया तथा मामले की सूचना खनिज विभाग को भेज दी गई।



क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि विरमा नदी के विभिन्न घाटों–छतेसर घाट, किल्हौवा घाट, फदना घाट और महुआ-इटौरा घाट–पर रात्रि में अवैध बालू खनन किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि दिन में बालू एकत्रित की जाती है और देर रात लगभग 10 बजे के बाद ट्रैक्टरों के माध्यम से परिवहन किया जाता है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों द्वारा कथित रूप से 'एंट्री' के नाम पर धनराशि भी वसूली जाती है। यदि ऐसा है तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सरकार को राजस्व की हानि भी पहुंचा रहा है।

पुलिस का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं आमजन का कहना है कि विरमा नदी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन पर प्रभावी रोक कब लगेगी, यह देखने वाली बात होगी। प्रशासन से मांग की जा रही है कि पूरे मामले की व्यापक जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं।

## डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर समाधान दिया सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कार्यक्रम में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान प्रशासन की सक्रियता, संवेदनशीलता और जवाबदेही का स्पष्ट संदेश देखने को मिला। जनसुनवाई के दौरान सण्डवा चन्द्रिका ( अदमापुर ) निवासी मीरा देवी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि वह अत्यंत गरीब और भूमिहीन विधवा महिला हैं। उनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं और परिवार के भरण-पोषण का कोई स्थायी साधन नहीं है साथ ही एक छोटे से जर्जर छप्पर में बच्चों के साथ किसी तरह जीवन यापन कर रही हैं। जिसके बाद डीएम ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि पात्रता की जांच कर शीघ्र उनका अंत्योदय कार्ड बनवाया जाय ताकि उन्हें खाद्यान्न की नियमित सुविधा मिल सके। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जांच टीम पहुंची, पर ग्रामीणों से दूरी: 'हर घर नल' योजना पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। महोबा/अजनर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी **हर घर नल** योजना के तहत विकास खंड जैतपुर के ग्राम नगाराडॉग में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की टंकी का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया गया। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और जगह-जगह सड़क खुदी पड़ी है।

बताया गया कि छह दिन पूर्व टंकी में पानी भरा गया, लेकिन आधी टंकी भरते ही तेज लीकेज शुरू हो गया। इसके बाद गांव में पांच दिन तक पानी की आपूर्ति ठप रही। 14 फरवरी 2026 से लगातार मरम्मत कार्य चलता रहा, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि चार दिन तक अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती गई।

आखिरकार 20 फरवरी 2026 को नमामि गंगे से जुड़े एडीएम मुइन इस्लाम के नेतृत्व में टीम नगाराडॉग पहुंची, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है



कि टीम केवल टंकी स्थल तक ही सीमित रही और गांव के भीतर जाकर स्थिति का जायजा नहीं लिया। कई ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उन्हें टंकी के पास जाने से रोक दिया गया। आरोप है कि आधी टंकी ही भरी गई और महज दस प्रतिशत गांव में ही पानी पहुंच सका।

इस संबंध में एडीएम मुइन इस्लाम से बात करने पर उन्होंने बताया कि जांच के लिए गए थे और दस मिनट में अवगत कराने की बात कहकर फोन काट दिया।

पूर्व प्रधान नगाराडॉग बीरेन्द्र खरे ने कहा कि टीम गांव में नहीं आई और न ही पूर्व सूचना दी गई। वहीं ग्रामीण हकीम का आरोप है कि जब वे टंकी के पास पहुंचे तो उन्हें यह कहकर हटा दिया गया कि «यहां से हटो, आपका कोई काम नहीं है।» समाजसेवी जीतू राजपूत ने बताया कि गांववासी पिछले पांच दिनों से परेशान हैं और समस्या का समुचित समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

# प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बिक रहा पान मसाला

## पनवाड़ी समेत पूरे जनपद में बढ़ा आक्रोश, कालाबाजारी की आशंका

जन एक्सप्रेस। महोबा

महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र सहित विभिन्न बाजारों में राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाला उत्पाद निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। अचानक बढ़ी कीमतों से छोटे दुकानदारों और उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। बाजारों में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और लोग इसे संभावित कालाबाजारी से जोड़कर देख रहे हैं।

पनवाड़ी के फुटकर विक्रेताओं का आरोप है कि बड़े डीलरों द्वारा माल ऊंचे दामों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन अधिक कीमत पर बिक्री करनी पड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार 40 रुपये वाला राजश्री पैकेट थोक में लगभग 420 रुपये तक मिल रहा है, जबकि फुटकर में इसे 50 रुपये प्रति पाउच बेचा जा रहा है। इसी प्रकार 20 रुपये वाले पैकेट का थोक मूल्य करीब 300 रुपये बताया जा रहा है और 10 रुपये वाला पाउच 15 रुपये में बिक रहा है। दुकानदारों का कहना है कि सीमित आपूर्ति और बढ़ी हुई थोक दरों के चलते वे ग्राहकों से अधिक कीमत लेने को विवश हैं।उधर, जनपद में एसएनके 140 रुपये वाला गुटखा पाउच 200 से 220 रुपये तक बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ बड़े व्यापारी भारी मात्रा में माल रोककर ऊंचे दामों पर बिक्री कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक तंबाकू पर भारी जीएसटी लगाए जाने की अफवाह फैलाकर कीमतों में कृत्रिम वृद्धि की जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अचानक हुई इस मूल्य वृद्धि से न केवल महोबा बल्कि आसपास के जनपदों में भी उपभोक्ताओं में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि महंगे दामों पर पान मसाला बेचकर कुछ व्यापारी भारी मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारी मामले में मौन नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों, उपभोक्ताओं और छोटे दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रिंट रेट पर बिक्री सुनिश्चित कराई जाए और कालाबाजारी में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बाजार व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

## अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर – 2026 का सफल आयोजन

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस लाइन खेल मैदान में प्रयागराज जोन की तृतीय अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता भारोत्तोलन क्लस्टर (महिला/पुरुष)- 2026 के अंतर्गत भारोत्तोलन, योगा एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर एसपी दीपक भूकर द्वारा विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट एवं महोबा की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारियों में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क एवं पारस्परिक समन्वय को प्रोत्साहित एवं सुदृढ़ करना था। भारोत्तोलन व पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग में प्रतापगढ़ प्रथम स्थान पर रहा जबकि योगा प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में फतेहपुर प्रथम व महिला वर्ग प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# महराजगंज में जनगणना का बिगुल, प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारत की आगामी जनगणना-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जनपद महराजगंज में तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनगणना-2027 को भारत सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी तहसील, निकाय एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस प्रकार निर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता एवं तत्परता के साथ संपन्न कराया जाता है, उसी प्रकार जनगणना कार्य भी पूर्ण जिम्मेदारी से किया जाए।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि



जनगणना दो चरणों में संपन्न की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना होगी, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। समस्त प्रक्रियाएं सीएमएम पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएंगी, जिससे पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित की जा सके। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से जनगणना-2027 हेतु अम्बिका मौर्य को जनपद महराजगंज का प्रभारी नामित किया गया है। श्री मौर्य ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चार्ज अधिकारी, प्रगणक एवं सुपरवाइजर को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे गणना कार्य त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि 07 मई से 21 मई 2026 तक 15 दिवस की स्व-गणना अवधि निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी आवश्यक जानकारी अपलोड कर सकेंगे। इसके उपरांत 22 मई 2026 से प्रगणक एवं सुपरवाइजर द्वारा स्थलीय सत्यापन कर आंकड़ों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रशांत कुमार, अपर उप जिलाधिकारी विजय यादव, उपजिलाधिकारी फरेंदा एवं नौतनवा सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्जी आधार पर डीएम की सख्ती, हर बच्चे का नामांकन अनिवार्य

## कलेक्ट्रेट सभागार में अनुश्रवण समिति की बैठक, अधिकारियों को सौंपी विशेष जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में जन्मे बच्चों के आधार कार्ड निर्माण को लेकर अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आधार नामांकन कार्य में लगी निजी एजेंसियों, डाकघर और बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ निर्माण प्रक्रिया में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी स्थिति में फर्जी आधार कार्ड न बनने पाए। इसके लिए सभी नामांकन केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया। उन्होंने आधार निर्माण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) को विशेष जिम्मेदारी सौंपी।




जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जन्मे बच्चों का समय से जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाणपत्र के अभाव में आधार बनवाने में कठिनाई आती है, इसलिए इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जन्मे बच्चों की अद्यतन सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी बच्चा आधार नामांकन से वंचित न रह जाए।

डीएम ने कहा कि आधार एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है और प्रत्येक पात्र बच्चे का आधार कार्ड बनना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था फर्जी आधार निर्माण में संलिप्त पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जोनल मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा उद्यमी विकास अभियान की धीमी प्रगति पर सीडीओ ने लगायी फटकार

जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़। जिले में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा की गयी जिसमें कम प्रगति पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा-25, बैंक ऑफ इण्डिया-10, केनरा बैंक-06, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया-06, एचडीएफसी बैंक-15, इण्डियन बैंक-03, पंजाब नेशनल बैंक-20, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया-25, यूको बैंक-10, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया-05, बड़ौदा 30उ0 ग्रामीण बैंक-25 वितरण का लक्ष्य 25 फरवरी तक पूर्ति हेतु निर्धारित किया गया। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहे बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जिला समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित सभी बैंक समन्वकों को इस माह के समाप्ति में अल्प दिवसों के दृष्टिगत विशेष अभियान के माध्यम से लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये।

# जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने से विकास को मिलेंगे पंख: एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर

जन एक्सप्रेस। महोबा

उच्च सदन विधान परिषद बजट सत्र के अंतिम दिवस पर सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा विभिन्न नियमों के अंतर्गत सदन के माध्यम से क्षेत्र की जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया, और सरकार से उक्त विषयों पर वक्तव्य/चर्चा कराए जाने की माँग उठाई।

महोबा से लखनऊ डेली ट्रेन एक्सप्रेस व्हाया रागौल सुमेरपुर हेतु केंद्र सरकार को प्रस्ताव .नियम 110 के अंतर्गत महोबा से व्हाया बाँदा रागौल सुमेरपुर कानपुर से लखनऊ डायरेक्ट प्रतिदिन नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने के संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाना चाहिये। नगरीय क्षेत्रों में प्राइमरी अध्यापकों की नियुक्ति .नियम 110 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में बेसिक शिक्षकों की नियुक्ति 2011 से बंद है जबकि स्कूलों एवम बच्चों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है विगत वर्षों से तैनात शिक्षकों का रिटायरमेंट भी हो चुका है तत्काल प्रभाव से नगरीय विद्यालयों में नवीन शिक्षकों को नियुक्त किया जाए जिससे शिक्षण व्यवस्था बाधित होने से बचाया जा सके।

महोबा शहर में चार एसी सिटी बस नियमित सेवा चलाए जाने की माँग नियम 110 के अंतर्गत महोबा शहर में सरकारी कार्यालय विकास भवन जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्राइवेट बस स्टैंड शिक्षण संस्थान सहित कई अन्य स्थानों जो तीन से पाँच किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए आम नागरिकों को विशेषकर निर्धन गरीब महिला बच्चों को दूरी तय करने के लिए पैदल चलना होगा या वाहन किराए पर लेना होगा।

जिससे अतिरिक्त व्यय करना होगा जनहित में 4 सिटी एसी बसों का संचालन नियमित किया जाना नितांत आवश्यक है रैपुरा महोबा में स्थापित मंडी को सुचारू रूप से संचालित, राष्ट्रीयकृत बैंक एवम पुलिस चौकी की स्थापना हो .नियम 111 के अंतर्गत महोबा रेपुरा में स्थापित मंडी को सुचारू रूप से संचालित कर किसानों को उचित मूल्य दिलाने जाने हेतु अविलंब निर्देशित किया जाए जिससे बाईपास पर जाम से निजात मिल सके और व्यापारियों किसानो की सुविधा हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक एवम सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक पुलिस चौकी स्थापित किया जाए .उक्त सभी सूचनाओं पर सभापति द्वारा सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

आबकारी विभाग एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त कार्रवाई में अवैध नेपाली देशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। टीम ने एक युवक को 360 शीशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार की रात आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव भारत नेपाल सरहद के लक्ष्मीपुर क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान बीओपी शीतलापुर के हंसराज अपनी टीम के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रेंगहिया पोस्ट के पीछे से एक व्यक्ति अवैध नेपाली देशी शराब लेकर भारत में प्रवेश करने वाला है। सूचना पर विश्वास करते हुए संयुक्त गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर



घेराबंदी दी। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से नो-मैन्स लैंड पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश करता दिखाई दिया। टीम ने उसे मौके पर रोककर तलाशी ली, तो उसके कब्जे से तीन बोरियों में 12 पेटियों में कुल 360 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान नीरज कुमार (19) पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी धमऊर कुटी टोला, थाना निचलौल के रूप में हुई है। टीम ने मौके पर ही शराब को संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के तहत जब्त कर लिया गया तथा प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई की है। आबकारी विभाग इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों और तस्करी रोकने के लिए संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले की देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में देहात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त विकास सिंह पुत्र संतराम सिंह को थाना इलाके के मोहनगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। विकास सिंह थाना इलाके के कूटाघाट महकनी का रहने वाला है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बॉर्डर पर चरस के साथ एक शख्स गिरफ्तार

## परसामलिक पुलिस प्रशासन की तत्परता से बरामद हुई चरस की बड़ी खेप

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जनपद के भारत नेपाल के अंतराष्ट्रीय बार्डर पर प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार्डर क्षेत्रों सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तस्करी के विरूद्ध लगातार कार्रवाई और कैरियरों की गिरफ्तारी के बाद भी सक्रिय तस्कर अवैध कारोबार को अंजाम देने में लगे है। जनपद के परसामलिक थाने की पुलिस प्रशासन ने एक संदिग्ध कार से मादक पदार्थ गांजा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद चरस की अंतराष्ट्रीय बाजार कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक



नौतनवा पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम के मार्गदर्शन और थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सेखुआनीं टोला शंकरपुर के समीप से एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो प्लास्टिक के पन्नी से 48.686 किलोग्राम अवैध चरस की बड़ी खेप बरामद कर मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त की पहचान राकेश यादव निवासी सेखुआनीं टोला शंकरपुर के रूप में हुई है। इस दौरान उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह, सुभाष यादव, सुनील कुमार, नीतीश कुमार, विकास यादव शामिल रहे है।

### सोनौली में हाइड्रोपोनिक गांजा हुआ था बरामद

बीते मंगलवार को आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव और एसएसबी इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र मय फोर्स संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति कब्जे से 31 पैकेट में कुल 17.590 किलो अवैध हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है। मौके पर ड्रग डिटेक्शन किट से परीक्षण करने पर गांजा उच्च गुणवत्ता का पाया गया। अभियुक्त वाहिद हुसैन बताया कि यह गांजा थाईलैंड से मलेशिया होते हुए काठमांडू लाया था और वहां से दिल्ली ले जाने की फिराक में था। उसने यह भी स्वीकार किया कि इस कार्य में उसका भाई साजिद हुसैन सहयोग कर रहा था, जो उसे पकड़ता देख नेपाल सीमा की ओर फरार हो गया।

# चित्रकूट से रामेश्वरम में शिव लिंग स्थापना से लंका दहन से लगाय राम राज्याभिषेक तक चली कथा

## राजाराम चन्द्र की जयकारे के साथ समाप्त हुआ श्रीराम कथा





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के अंतिम दिन भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक राजन जी महाराज ने लंका दहन से लेकर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक तक के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा।

कथा के दौरान महाराज ने बताया कि हनुमान जी द्वारा लंका दहन अन्याय और अहंकार के अंत का प्रतीक है। इसके बाद मेघनाद वध और लक्ष्मण



शक्ति का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और विश्वास बनाए रखना ही सच्ची भक्ति है। संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा करने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।

कुंभकर्ण वध और रावण वध का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

अंत में भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने और राज्याभिषेक का भव्य प्रसंग सुनाया गया। राम राज्य की स्थापना को आदर्श शासन और लोककल्याण का प्रतीक बताते हुए महाराज ने कहा कि जहां सत्य, न्याय और करुणा का वास हो, वहीं सच्चा राम राज्य होता है।

कार्यक्रम के समापन पर भव्य आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

इस अवसर पर आयोजक श्रीष अग्रहरि, सुमित अग्रहरि, आनंद अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुनील अग्रहरि टप्पू, श्रीष मोदनवाल, कृष्णकान्त सोनी, राम अवतार अग्रहरि, अश्वनी अग्रहरि, विवेक सोनी एवं शीम प्रकाश अग्रहरि सहित अन्य लोगों ने कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विधायक महादेवा ने किया सड़कों के निर्माण का पूजन के साथ आरंभ

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शुक्रवार को विधायक दूधराम ने महादेवा विधानसभा क्षेत्र के मेहड़ा, मनिकवरा और शोभन पार गांवों में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण, विशेष मरम्मत कार्य का पूजन के साथ शुभारंभ किया।

विधायक दूधराम ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बेहतर सड़क व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार से जुड़े कार्यों में भी तेजी आएगी। 'हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे,।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में रास्ते की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती थी, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी की लहर है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर उमेश चौधरी, राजेश चौधरी, इंद्रेश चौधरी, ज्ञानचंद चौधरी, अमर सिंह, गिरजेश भारती, पवन चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। नागरिको ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा आसपास के गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# जौनपुर मेडिकल स्टोर संचालक की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जनपद के खुटहन क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय डॉक्टर राम प्रताप प्रजापति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना 19 फरवरी की रात करीब 10 बजे की है। वह थाना सरायख्वाजा क्षेत्र के छतौरा मल्हनी में एक बारात में शामिल होने गए थे।

बताया जा रहा है कि बारात सड़क किनारे खड़ी थी और राम प्रताप प्रजापति रोड की पटरी पर खड़े थे। इसी दौरान मल्हनी की ओर से तेज रफ्तार और अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद थी, लेकिन काफी देर तक उन्हें



उपचार के लिए अस्पताल नहीं ले जाया गया। समय पर इलाज न मिलने के कारण थोड़ी ही देर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक राम प्रताप प्रजापति ग्राम सधनपुर, थाना खुटहन के निवासी थे और खुटहन हॉस्पिटल रोड पर मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे। उनके परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी (50), दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सभी बच्चों का विवाह हो चुका है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को घर ले आए।

इसके बाद डायल 112 के माध्यम से खुटहन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने थाना सरायख्वाजा में तहरीर देकर मोटरसाइकिल चालक और वाहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

घटना के बाद से पत्नी सुमित्रा देवी, बेटों और पोते-पोतियों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# पेपर ठीक न होने से आहत छात्रा ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जनपद के मीरगंज थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां परीक्षा का पेपर ठीक न होने से आहत 15 वर्षीय छात्रा ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, चौकी कला गांव निवासी गरिमा जैसवार आरडी मेमोरियल मॉडर्न कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा थी। शुक्रवार सुबह वह घर से परीक्षा देने के लिए निकली थी।

बताया जा रहा है कि वह जंघई रेलवे फाटक के पास पहुंची, जहां उसने अपनी साइकिल खड़ी की और जौनपुर से प्रयागराज जा रही ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी जंघई, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

परिजनों के अनुसार, छात्रा हिंदी का प्रश्नपत्र ठीक न होने और तीन प्रश्न छूट जाने को लेकर काफी तनाव में थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक दबाव में उसने यह कदम उठाया।

घटना के बाद गांव और विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# औचक निरीक्षण में सख्त तेवर कुँवर अनुपम सिंह ने परखी कोतवाली की नब्ज, लंबित मामलों पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुँवर अनुपम सिंह ने थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। एसएसपी के अचानक पहुंचने से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया और पुलिसकर्मी तत्परता से व्यवस्थाएं दुरुस्त करते नजर आए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, शस्त्रागार, हवालात, मालखाना तथा परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। अभिलेखों की सुव्यवस्थित संधारण प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने लंबित विवेचनाओं और प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर उसका निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के प्रति विनम्र, शिष्ट और संवेदनशील व्यवहार अपनाने की हिदायत दी।

थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए उन्होंने इसे निरंतर बनाए रखने पर बल दिया। साथ ही शस्त्रागार और मालखाने के अभिलेखों का मिलान कर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी, नगर गोल्डी गुप्ता सहायक पुलिस अधीक्षक श्रृष्टि जैन,थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसएसपी ने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए टीमवर्क के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डायरिया के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अन्तर्गत, जनपद सीतापुर में स्वस्थ्य विभाग, पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इण्डिया) और केन्वयू के सहयोग से आज दिनांक 19.02.2026 को पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाइन, नगर क्षेत्र सीतापुर में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ डायरिया के प्रति जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने डायरिया से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक, रोल प्ले, पोस्टर प्रतियोगिता व लेखन के माध्यम से बच्चों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा. दीपेन्द्र वर्मा द्वारा दस्त रोग व बचाव पर जानकारी दी गई। बच्चे द्वारा. दिन में 03 से अधिक बार तथा पतला या पानी जैसा मल त्याग किया जाना ही दस्त लगना या डायरिया है। डायरिया बैक्टीरिया वायरस व अमीबा तीनों से फैल सकता है। अर्बन चिकित्सक डा0 शानू कुमार वर्मा ने डायरिया के रोकथाम के लिये सकारात्मक व्यवहार अपनाने के लिये बच्चों को प्रेरित किया।

### डीएम ने की बैंकवार ऋण वितरण की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0 युवा) योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में प्रेषित किए गए आवेदनों पर ऋण स्वीकृति तथा स्वीकृत ऋणों के सापेक्ष ऋण वितरण की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने योजना में धीमी प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत कराते हुये स्वीकृत ऋणों का तत्काल नियमानुसार वितरण सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये तथा बिना समुचित कारण के निरस्त न किया जाये। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से है, इसमें लापरवाही करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### कार्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ ऋण वितरण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। इंडियन बैंक अंचल कार्यालय प्रांगण में आज एक वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के तीन सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय डा0 राजागणपति आर0 एवं विशिष्ट अतिथि इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एस0एच0जी0 का क्रेडिट लिंकेज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पी0एम0 स्वनिधि, मुद्रा एवं पी0एम0एफ0एम0ई0 का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दियझ कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रमुख आर0पी0 दुबे जी ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल रू0 110 करोड़ के स्वीकृत ऋण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार एवं बैंक के समस्त अधिकारीगण, स्थानीय प्रतिनिधि, लाभार्थियों और आमजन की उपस्थिति रही।

### अन्धना में सचिव का फर्जीवाड़ा उजागर

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विकास खण्ड कसमंडा में जिम्मेदारों के संरक्षण में सचिव ग्राम निधि की धनराशि में डांका डालकर अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के लिए भेजी जा रही धनराशि का सचिव और प्रधान मिलकर दुरुपयोग कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों के विकास की जगह दोनों अपना व्यक्तिगत 'विकास' करने में जुटे हुए हैं।मिली जानकारी के अनुसार, विकास खण्ड कसमंडा में तैनात सचिव कुलदीप कुमार ने ग्राम पंचायत अन्धना में प्रधान से सांठगांठ कर ग्राम निधि की धनराशि का खुलेआम बंदरबाँट किया है। जनवरी माह में किए गए ताजा भुगतानों में फर्जी कार्य आईडी संख्याओं का इस्तेमाल कर बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया। सचिव ने रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम की कार्य आईडी पर हैंडपंप मरम्मत, नाली निर्माण और अन्य कार्यों का भुगतान दिखाकर सरकारी धन की बंदरबांट की है।जबकि सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि प्रधान अपने परिवारजनों के नाम किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं निकालेंगे, इसके बावजूद सचिव ने प्रधान से मिलीभगत कर प्रधान के पुत्र नसीम, भतीजे नाजिम पुत्र वाहिद, भाई हसीब, वाहिदके नाम ग्राम निधि से भुगतान जारी कर घोटाला किया है।

# राजकीय आईटीआई में गूंजा मतदाता जागरूकता का संदेश, युवाओं को दिलाई गई वोटर शपथ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जनपद में चल रही स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) गतिविधियों के तहत शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्दीकपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशन में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मनीष कुमार पाल ने की।

कार्यक्रम में लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों को निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने तथा सभी पात्र नागरिकों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को विशेष जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदाता बनने के लिए जागरूक करें।

### ईसीआई नेट ऐप कराया डाउनलोड, दिलाई गई शपथ

जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने उपस्थित छात्रों को श्वष्टढ्ढ हृद्गह्ल ऐप डाउनलोड कराया और उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-06, नाम विलोपन के लिए फॉर्म-07 तथा संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-08 भरा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

### 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा करें आवेदन

प्राचार्य मनीष कुमार पाल ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलहै रहा है। ऐसे युवा जिन्होंने 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या जिनका नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-06 भरकर अपने बीएलओ को जमा करें या ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने बताया कि जनपद में 03 राजकीय और 121 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हैं। सभी संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित कर नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।

कार्यक्रम में फोरमैन पी.एन. सिंह यादव, आशीष सिंह, अभिनव सिंह, अनिल कुमार यादव, शैलेंद्र यादव, सुधीर कुमार पांडेय, वैशाली, किरन नागेश्वरी, अनुराग तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में जौनपुर का जलवा: धर्मेश यादव ने भाला फेंक में रजत

## 110 मीटर हर्डल में स्वर्ण जीत रचा इतिहास

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जनपद के होनहार खिलाड़ी धर्मेश यादव ने मध्य प्रदेश की धरती पर परचम लहराते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम कर जिले का मान बढ़ा दिया।

जिला मुख्यालय से सटे *प्यारेपुर गांव निवासी धर्मेश यादव ने 45वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेवलिन थ्रो में रजत पदक और 110 मीटर हर्डल दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया।

प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में हुआ, जहां देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच धर्मेश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

भाला फेंक स्पर्धा में सटीक थ्रो के साथ उन्होंने सिल्वर मेडल जीता, जबकि 110 मीटर हर्डल दौड़ में बेहतरीन गति और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इस उपलब्धि की खबर मिलते ही परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

दूरभाष पर बातचीत में धर्मेश यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, शुभचिंतकों और परिजनों को दिया।

उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि उन्होंने जौनपुर मास्टर्स एथलेटिक्स के सचिव व अपने कोच डॉ. अजीत यादव (निवासी बनकट गांव) एवं जिलाजीत के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हासिल की है। नियमित प्रशिक्षण और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

धर्मेश यादव ने कहा कि उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी जौनपुर का नाम रोशन करना है।

जिले के खेल प्रेमियों ने उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस। बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने सनसनी फैला दी। परिजनों ने इसे सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या करार देते हुये तहरीर देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग कलवारी थानाध्यक्ष से किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डिहुकपूरा उर्फ शुक्लपुरा निवासी नवनीत पाण्डेय ने 19 फरवरी को कलवारी पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि 16 फरवरी 2026 की शाम उनके भाई रजनीश पाण्डेय को अईलिया गांव निवासी आकाश पाण्डेय और परसांव गांव निवासी राजपाल चौहान अपने साथ ले गए थे। कुछ देर बाद आकाश के मोबाइल नंबर से सूचना दी गई कि बेलवाडाड के पास रजनीश का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो रजनीश का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि शरीर पर मिले चोट के निशान सामान्य सड़क दुर्घटना से मेल नहीं खाते। घटनास्थल की परिस्थितियां भी संदेह पैदा करती हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि रजनीश की हत्या कर घटना को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

# तलाशी के बाद आरोपी के पास कैसे रह गई ब्लैड की जा रही जांच

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पुलिस जेल भेजने की तैयारी कर रही थी ऐसे हालातों में आरोपी की जामा तलाशी लेकर उसको लाकप में बंद किया था। जब आरोपी को लाकप में बंद किया जाता है तो उसकी पूरी तरह से तलाशी ली जाती है। ऐसे में आरोपी के पास ब्लैक कहां कहा से आ गई। मामला पेचीदा लगता है इस कारण पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि ब्लैकड कहा आरोपी के पास कहां से आ गई। गौरतलब हो कि देर रात एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जिस आरोपी ने यह खौफनाक कदम उठाया, उसका नाम आशीष बताया जा रहा है। वह रामपुर कलां थाना क्षेत्र के बाबूवापुर का रहने वाला है। बताया गया कि आशीष जनवरी महीने में एक 17 वर्षीय किशोरी को लेकर कहीं चला गया था। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। देर रात पुलिस ने इसे पकड़ लिया। उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच उसने अपने पास रखी ब्लेड से अपने ही गले को रेत लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद उच्चाधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी के पास ब्लेड कैसे रह गई, इसकी जांच की जा रही है। आरोपी ने जिस समय गर्दन रेती, उस समय उसे जेल में दाखिल कराने की कवायद चल रही थी। क्या आरोपी अपने पास हमेशा ब्लैड रखता था अगर ऐसा है

तो इसके पीछे आरोपी का कोई बड़ा मकसद रहा होगा या फिर उसके पास ब्लैड होना और इसी दौरान उसकी गिरफ्तारी और तालशी के दौरान ब्लैड हाथ न लगता यह सब महज संजोग रहा होगा। लेकिन जब पुलिस जामा तलाशी लेती है तो एक एक चीज देखती है और तलाशी बड़ी गम्भीरता के साथ ली जाती है

### अधिक से अधिक रोजगार दिलाने के लिये सीएम ने जारी की योजना

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। उपायुक्त उद्योग, सीतापुर ने अवगत कराया है प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जी द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना संचालित की गयी है। योजनान्तर्गत ऐसे युवा जो कम से कम कक्षा 08 उत्तीर्ण हो एवं उनकी आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो, को रू0 5.00 लाख तक की परियोजना की स्थापनाध्संचालन हेतु ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। योजनान्तर्गत दिनांक 20-02-2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे विकास भवन सभा कक्ष सीतापुर में एक मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा ऋण वितरण कैम्प में जनपद में स्थित समस्त बैंकों के जिला समन्वयकध्अग्रणी जिला प्रबन्धक सहित अनेक अधिकारीगणों सहित जनपद के युवा एवं भावी उद्यमी उपस्थित रहेंगे,। इस मेगा कैम्प में योजना की विस्तृत जानकारी भी दी जायेगी।

# 22 फरवरी को होगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



बिसवां। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान, जनपद न्यायधीश अध्यक्ष आशीष जैन के निर्देशन में 22 फरवरी को नवीन गल्ला मंडी सीतापुर में मेगाध्वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर के बारे में ग्रामसभा गुरेरा में पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) शिया कश्यप एवं पूजा शुक्ला द्वारा लोगों को विधिक प्रक्रियाओं व मेगा शिविर एवं राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 की जानकारी दी। मेगा शिविर के दौरान राजस्व, श्रम, पंचायत राज, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पुलिस, परिवहन, वन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, विद्युत, पशुपालन, खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान एवं जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष आशीष जैन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस मेगा शिविर का लाभ उठाएं।

### सिधौली में मेगा सहायता शिवर का आयोजन 22 को

सिधौली-सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सचिव विजय भान के निर्देश पर सिधौली क्षेत्र में 22 फरवरी रविवार026 को नवीन गल्ला मंडी, सीतापुर में आयोजित वृहद मेगा सिविक सहायता एवं सेवा शिविर तथा 14 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) कल्पना ने तहसील परिसर, सरकारी कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर शिविर के उद्देश्य और लोक अदालत की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण का सशक्त माध्यम है ग्रामीणों ने पहल की सराहना की।

# सुबह ठंड, दोपहर गर्म! बदलता मौसम स्वास्थ्य पर डालती है प्रतिकूल प्रभाव: डॉ. अमित बाजपेई

## बदलते मौसम में इन बातों का जरूर रखें ख्याल, कभी खराब न होगी तबियत- डॉ अमित बाजपेई

### कहीं बीमार न हो जाएं आप! बदलते मौसम में ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल, जानें चिकित्साधीक्षक डॉ अमित बाजपेई की राय




जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** मौसम में बदलाव का असर अब साफ नजर आने लगा है ठंड के बाद अचानक दिन में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है ऐसे में बदलते मौसम का प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता है, जिससे सर्दी-जुकाम, बुखार और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है अगर इस मौसम में सेहत का ध्यान न रखा जाए, तो शरीर कमजोर हो सकता है और बीमार पड़ने की संभावना बढ़ जाती है।

इसी विषय पर अधिक जानकारी के लिए लखनऊ से प्रकाशित पायनियर अखबार की टीम पहुंची फरधान, जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने इस बदलते मौसम में सेहत का ध्यान रखने के कुछ जरूरी उपाय बताए।

डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि जब मौसम बदलता है, तो शरीर को नई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में समय लगता है इस दौरान इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है खासकर, सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश, वायरल बुखार, एलर्जी और त्वचा संबंधी समस्याएं आम हो जाती हैं इसके अलावा, जिन्हें पहले से अस्थमा या सांस संबंधी दिक्कतें हैं, उन्हें अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई के अनुसार, अगर आप कुछ सावधानियां बरतें, तो इन बीमारियों से बच सकते हैं....

### धूप का फायदा उठाएं!

सुबह की हल्की धूप में बैठें, यह शरीर के लिए फायदेमंद होती है बदलते मौसम में सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है छोटे बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे वे जल्दी बीमार हो सकते हैं वहीं, बुजुर्गों में अस्थमा, गठिया और हृदय रोग जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं इसलिए उनके खान-पान और दिनचर्या का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।

### पर्याप्त पानी पिएं!

मौसम बदलने के कारण शरीर में पानी की कमी न होने दें. रोजाना 7-8 गिलास पानी जरूर पिएं!

### संतुलित आहार लें!

ताजे फल, हरी सब्जियां और पौष्टिक भोजन को अपनी डाइट में शामिल करें विटामिन सी से भरपूर चीजें, जैसे नींबू, संतरा और आंवला, इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार होते हैं!

### पर्याप्त नींद लें!

अच्छी सेहत के लिए 7-8 घंटे की नींद जरूरी है कम सोने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है!

### साफ-सफाई का ध्यान रखें!

हाथ धोने की आदत डालें और बाहर से आने के बाद चेहरे को अच्छी तरह धोएं!

### हल्के और आरामदायक कपड़े पहनें!

सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रहती है, इसलिए बहुत पतले कपड़े पहनने से बचें!

### नियमित व्यायाम करें!

योग, प्राणायाम और हल्का व्यायाम करने से शरीर मजबूत रहता है और बीमारियों से बचाव होता है!

# कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों में बांटना चाहिए मौलाना शोएब साहिल



### सदका-ए-फित्र कब अदा करें

मुफ़्ती मोहम्मद राशिद ने कहा कि सदका-ए-फित्र ईद के दिन ईदगाह जाने से पहले हकदारों में तकसीम कर देना चाहिए। इसके अलावा अगर कोई शख्स ईद से पहले रमजान-उल-मुबारक के महीने में सदका-ए-फित्र अदा कर दे तो यह अदा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सदका-ए-फित्र की मिकदार प्रति व्यक्ति दो किलो 45 ग्राम गेहूं या उसकी कीमत है। बेहूदा बातों से रोजे में जो कराहत आ जाती है, सदका-ए-फित्र उसकी पाकीजगी और तहारत का जरिया और मिस्कीनों, गरीबों की खुराक का इंतजाम है।

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

रमजान के पहले जुम्मे की नमाज कस्बे की जामा मस्जिद में अदा की गई। इस दौरान सैकडों नमाजी मस्जिद पहुंचे तो इतनी बड़ी इमारत भी छोटी नजर आई। नमाज में सैकड़ों हाथ खुदा की बारगाह में इबादत के लिए उठे। सभी ने प्यार, मोहब्बत, रहमत, बरकत, देश की खुशहाली और बेहतर बारिश की दुआ मांगी। नमाजियों ने अपने गुनाहों के लिए माफी भी मांगी। मौलाना शोएब साहिल ने कहा कि प्रत्येक मोमीन को अपनी गाढ़ी कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों में बांटना चाहिए।

रमजान-उल-मुबारक के मुकद्दस महीने के पहले शुक्रवार को मस्जिदों में नमाज अदा की गई, जिसमें भारी तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की। बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। साथ ही सभी ने मुल्क व कौम की तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गई। कस्बे की जामा मस्जिद में दोपहर बारह बजे से नमाजियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। नमाज का वक्त होते-होते मस्जिद के अंदर से लेकर आंगन तक खचाखच भर चुका था। नमाज से पहले खिताब करते हुए पेश इमाम मौलाना शोयब ने कहा कि अल्लाह के नबी ने रमजान को सब्र और गमगुसारी का महीना फरमाया है। मोमिन को इस महीने में सब्र व शुक्र से काम लेना चाहिए और गरीबों, मोहताजों, बेवाओं और यतीमों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहना चाहिए। इसके बाद खुत्बा पढ़ा गया फिर दो रकात नमाज अदा की गई। आखिर में सभी ने अल्लाह तआला के सामने हाथ उठाकर मुल्क में अमनो-अमान और कौम की तरक्की व भाईचारे की दुआ मांगी।

### किस पर वाजिब है सदका-ए-फित्र

मौलाना मोहम्मद मोहम्मद उमर ने बताया कि पैगम्बर-ए-इस्लाम ने इरशाद फरमाया कि हर आकिल, बालिग साहिबे निसाब मुसलमान पर अपनी और अपने नाबालिग बच्चों की तरफ से सदका-ए-फित्र वाजिब है। सदका-ए-फित्र के हकदार भी फकीर और मिस्कीन हैं।

# गोला मे दिन दहाड़े हुए गोली कांड मे युवक जख्मी, लखनऊ रेफर

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला कोतवाली क्षेत्र के नई बाईपास स्थित अंधेरी बाग के पास शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए लईक नामक युवक को गोली लग गई। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।बताया जाता है कि दो युवक काशीराम कॉलोनी में एक व्यक्ति को दौड़ाते हुए घुस आए थे। कॉलोनी के कुछ लोग, जिनमें लईक भी शामिल था, हमलावरों को पकड़ने के लिए पीछे दौड़े। पीछा करते-करते सभी नई बाईपास अंधेरी बाग तक पहुंच गए। इसी दौरान हमलावरों ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गोली लईक के सीने में बाई ओर नीचे की तरफ जा लगी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। सीओ गोला रमेश तिवारी व कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह अपने दलबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे औरहालात को काबू में लिया। घायल युवक को आनन-फानन में सीएचसी गोला ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि युवक के सीने में बाई ओर नीचे की तरफ गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया गया।प्रारंभिक जांच में सामने आया है, कि प्रशांत कमल पुत्र दिनेश कुमार और प्रशांत वर्मा पुत्र सर्वेश कुमार, निवासी हेमपुर थाना हैदराबाद, का संगम बिजुआ निवासी (वर्तमान पता काशीराम कॉलोनी) से एक लाख रुपये का लेन-देन था। इसमें 47 हजार रुपये ऑनलाइन दिए जा चुके थे, जबकि 53 हजार रुपये बकाया थे। इसी बकाया रकम को लेकर विवाद बढ़ते-बढ़ते फायरिंग तक जा पहुंचा।

घटना के तुरंत बाद सीओ गोला रमेश तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को तमंचे समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपियों की फौरन गिरफ्तारी ने लोगों को कुछ राहत जरूर दी है।वही प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि दो लोगो के खिलाफ 109 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार, गुंडा एक्ट में मुकदमा दर्ज



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिल्हौर पुलिस ने जिला बदर घोषित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में मौजूद था। पेट्रोल पंप के पास से हुई गिरफ्तारी पुलिस उपायुक्त पश्चिम के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने लालपुर के निकट स्थित एचपी पेट्रोल पंप से प्रखर द्विवेदी उर्फ शंकर (22 वर्ष) निवासी उत्तरीपुरा रेलवे स्टेशन रोड, थाना बिल्हौर को गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिल्हौर में मु0अ0सं0 46/2026 धारा 3/10 यू.पी. गुंडा अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।पूर्व में भी दर्ज हैं कई मामले पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में पूर्व से मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें बीएनएस और भादवि की धाराएं शामिल हैं। गिरफ्तारी टीम ,गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 अमित सिंह, उ0नि0 मनीर कुमार सिंह, उ0नि0 सोनू गुप्ता एवं का0 4433 मोहित कुमार शामिल रहे।प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### लखनऊ कानपुर हाइवे पर बाइक दूसरी बाइक से टकराई



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार मासूम समेत तीन लोग घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखनऊ के थाना काकोरी के करीमाबाद निवासी प्रमोद 40 पुत्र रामकरन शुक्रवार को बाइक से कानपुर एक शादी में शामिल होने जा रहा था। उसके साथ पत्नी राधा और बेटा श्रेष्ठ और बेटी स्वागत भी बाइक पर थे। रास्ते में अजगैन कोतवाली के पास लखनऊ कानपुर हाइवे पर उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में प्रमोद, उसका बेटा श्रेष्ठ और दूसरी बाइक पर सवार शाहे आलम 35 पुत्र अनवर अली निवासी देवा बाराबंकी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जडौरा आयुर्वेदिक चिकित्सक की लगी बोर्ड परीक्षा मे डियूटी

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विगत 18 फरवरी से चालू बोर्ड परीक्षा मे जौडौरा आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सक डा हरि शंकर वर्मा की डियुटी बोर्ड परीक्षा मे लगा दी गई है। जिससे वहां तैनात फार्मासिस्ट अनंग पाल के सहारे आयुर्वेदिक चिकित्सालय चलाया जा रहा है। लेकिन उसने बताया कि डाक्टर साहब के पूराने लिखे हुये पर्चो के आधार पर दबाई दी जा रही है कोई भी मरीजो को नही देख रहा है। वही ग्रामीणो ने बताया कि लगभग जडौरा के अस्पताल मे मरीजो की ओपीडी तीन से चार दर्जन रहती है। लेकिन डाक्टर साहब ने न होने से मरीज बैरंग अपने घरो को लौट रहे है। लेकिन बार्डबॉय अनंग पाल सिह प्रतिदिन अस्पताल खोल कर दवाये दे रहे है।

### बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल गोला मे मनाया गया 29वां वार्षिकोत्सव

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकरननाथ खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला मैं स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 29वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी सुधीर बिजल्वाण ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव व उनकी पत्नी श्रीमती शिखा यादव के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ए के पांडे, पी एस चतुर्वेदी, के.के.तिवारी, पी सी गुप्ता, अजीत तिवारी, संदीप कटियार, जी एन सिंह, अखिलेश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, दीपक सिंघल, धर्मेंद्र सचान, गोपाल जायसवाल, चेतराम सिंह, सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हवन पूजन एवं आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया ।नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।

### दुधवा के चारा कटर की पेड़ से गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी।** मझगई दुधवा टाइगर रिजर्व के बेलराया रेंज में दैनिक कर्मचारी 20 वर्षीय अफसान मोहम्मद की चारा काटते समय पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह हाथियों के लिए चारा लेने गया था ।गांव गुलरा टांडा निवासी आस मोहम्मद का पुत्र अफसान मोहम्मद पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में चारा कटर की जिम्मेदारी निभा रहा था। रोज की तरह वह हाथियों को लेकर छंगा नाला क्षेत्र में चारा लेने गया था ।बताया जाता है कि चारे के लिए पेड़ पर चढ़कर टहनियां काटते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के पिता आस मोहम्मद भी वन विभाग में बीट वाचर के रूप में काम कर रहे हैं।

### ट्राली से टक्कर में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी पत्नी को ससुराल छोड़कर घर लौट रहा था, तभी उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। यह घटना शादी के माहौल वाले घर में शोक का कारण बन गई ।मृतक की पहचान अंकित के रूप में हुई है। उसकी छोटी बहन अनीता ने बताया कि अंकित 19 फरवरी को अपनी पत्नी को सैदापुर स्थित ससुराल छोड़ने गया था। 20 फरवरी को ससुराल में एक शादी समारोह होना था, जिसके कारण वह पत्नी को छोड़कर रात में ही घर लौट रहा था। लौटते समय सांडा के पास उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्राली से अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया ।घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बहन अनीता ने बताया कि परिवार में शादी की खुशियों की तैयारी चल रही थी, जो अब शोक में बदल गई हैं ।आज युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे की परिस्थितियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन बिल्हौर का शपथ ग्रहण आज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** तहसील परिसर स्थित सभागार में आज एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन बिल्हौर का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। समारोह में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। मुख्य व विशिष्ट अतिथि रहेंगे उपस्थित समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अंकज मिश्रा (पूर्व उपाध्यक्ष, बार काउंसिल उत्तर प्रदेश) मौजूद रहेंगे ।विशिष्ट अतिथियों में बिल्हौर विधानसभा से विधायक मोहित सोनकर (राहुल बच्चा), पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कानपुर ग्रामीण पं. कृष्ण मुरारी शुक्ल, ग्राम न्यायालय बिल्हौर के न्यायिक मजिस्ट्रेट/न्यायाधिकारी विकास कुमार तथा उप जिलाधिकारी बिल्हौर डा. संजीव दीक्षित की उपस्थिति रहेगी।

**ये पदाधिकारी लेंगे शपथ:** शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में अध्यक्ष विनीत गुप्ता, महामंत्री अनुराग द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेन्द्र शुक्ला, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री आशीष शुक्ला, मीडिया प्रभारी आशीष द्विवेदी, संयुक्त मंत्री (प्रशासन) सत्येन्द्र एस. यादव, संयुक्त मंत्री (प्रकाशन) अंशुमान सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य अशोक शुक्ला, बलवीर सिंह, सुमन गुप्ता एवं सोनी सिंह शामिल हैं।

**अधिवक्ता एकता का संदेश:** आयोजकों ने कहा कि 'अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, अधिवक्ता शक्ति राष्ट्र शक्ति' के संकल्प के साथ यह नई कार्यकारिणी न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कार्य करेगी ।बार एसोसिएशन ने सभी सम्मानित अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# निर्माणाधीन थाना बिल्हौर का पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस. एम. कासिम आबिदी ने गुरुवार को निर्माणाधीन थाना बिल्हौर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और तय समयसीमा के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की। गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष जोर ,पुलिस उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नया भवन निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित कार्यालय कक्ष, मालखाना, हवालात, बैरक, आवासीय कक्ष एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। पुलिस उपायुक्त ने आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए, ताकि भवन आधुनिक एवं सुव्यवस्थित रूप में तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि नया थाना भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी और त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। स्थानीय लोगों ने भी निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की अपेक्षा जताई है, जिससे क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

### महाराजपुर पुलिस में दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह घटना 10 फरवरी की है। पीड़ित लड़की के पिता बारात में गए थे, जबकि उनकी पत्नी भी गांव में ही एक अन्य वैवाहिक समारोह में गई थीं। इस दौरान नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी ।पीड़ित का आरोप है कि गांव का ही 25 वर्षीय विशाल घर में घुस आया। उसने लड़की को अकेला पाकर उसके साथ रेप किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने लड़की को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया ।गुरुवार को पीड़ित लड़की के पिता ने महाराजपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।पुलिस के अनुसार, आरोपी विशाल पहले भी चोरी के एक अन्य मामले में महाराजपुर से जेल जा चुका है। वहीं, इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार

# एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का आग़ाज़, समाज सेवा का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




रामसहाय राजकीय महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत 20 से 26 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आग़ाज़ पंचायत भवन, ग्राम बैरी में हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.डॉ.अपर्णा सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वयंसेविका श्रेया द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने एनएसएस के मूल उद्देश्य 'नॉट मी बट यू' पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों से समाज सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अधिकारी अमित कुमार मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं स्वच्छता की अहमियत पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में शिविर में कुल 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रथम दिवस के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वच्छ भारत से संबंधित नारे बुलंद किए गए। स्वयंसेवकों ने ग्राम क्षेत्र में साफ़-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का पैग़ाम दिया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा जलपान ग्रहण किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कुछ स्वयंसेवकों ने खेल गतिविधियों के अंतर्गत बैडमिंटन भी खेला। सायंकालीन सत्र में 'विधिक जागरूकता' विषय पर बौद्धिक व्याख्यान विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ.अजय कुमार यादव द्वारा दिया गया। उन्होंने नागरिकों के अधिकार व कर्तव्यों, महिला सुरक्षा कानूनों तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।प्रथम दिवस का समापन सभी स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन एवं समाज सेवा के प्रति निरंतर समर्पण के संकल्प के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# चोरों ने 39 लाख रुपए की चोरी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चोरों ने लोहा व्यापारी के बंद मकान का ताला तोड़ दिया। चोर घर से नकदी और जेवरात समेत करीब 39 लाख रुपए का माल ले गए। घटना के वक्त व्यापारी अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए अस्पताल गए थे।गुरुवार सुबह जब वह घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर व्यापारी नेताओं ने पहुंचकर पुलिस के आलाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर एसीपी कलक्टरगंज आनंद ओझा ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान कारोबारी हाथ जोड़कर रोने लगे। वह अफसर के पैर पकड़ने लगे। कुली बाजार निवासी संजय गुप्ता लोहा मंडी में ब्रोकर का काम करने के साथ इंश्योरेंस एजेंट थे। कोविड काल से स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने काम बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि एकलौती बेटी की शादी के बाद से वह पत्नी रोशनी के साथ अकेले घर पर रहते है। मंगलवार को अचानक पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। इस दौरान वह अस्पताल में रहकर ही पत्नी की देखरेख कर रहे थे। गुरुवार सुबह वह घर पर नहाने के लिए पहुंचे तो मेनगेट का ताला टूटा मिला। तत्काल उन्होंने पुलिस और व्यापारी नेताओं को सूचना दी।मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता विनोद गुप्ता और शेष नारायण त्रिवेदी समेत अन्य लोगों पुलिस के आलाधिकारियों को चोरी की जानकारी दी। जिसके बाद एसीपी कलक्टरगंज आनंद ओझा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके घर से करीब 1.30 लाख कैश व 20 तोला सोना और ढाई किलोग्राम चांदी समेत करीब 39 लाख रुपए का माल चोरी हुआ है।

# ट्रक की टक्कर से दिव्यांग कमानी कारीगर की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी के न्यू ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कानपुर इटावा हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दिव्यांग कमानी कारीगर की मौत हो गई।

वाहन चालक मौके से फरार हो गया वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा और सीसी फुटेज खंगाल रही है। पनकी रतनपुर निवासी 55 वर्षीय रामकिशन कमानी कारीगर थे। न्यू ट्रांसपोर्ट नगर के पास हाइवे किनारे एक गुमटी में उनका कमानी का काम होता था। कुछ वर्ष पहले उनके पैर में हुई समस्या के चलते वह वर्तमान में उनका बेटा राजकमल ही काम संभालता है। रामकिशन गुमटी के पीछे ही टट्टर में रहते है जबकि बेटा राजकमल, पत्नी और एक बेटी रतनपुर में रहते हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है।

शुक्रवार को वह हाथ वाली बैसाखी के जरिए किसी काम से हाइवे किनारे जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वही अज्ञात वाहन चालक मौके से भाग गया। सूचना पाकर पहुंचे स्वजन में कोहराम मच गया।जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन को शांत करा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा। वहीं अब पुलिस वाहन चालक की तलाश के लिए सीसी फुटेज खंगाल रही है।पनकी इंस्पेक्टर मनोज भदौरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के दौरान अपनी शर्ट उतारे भी देखा गया। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर उग्र विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारत मंडपम के अलग-अलग पवेलियन में जाकर प्रदर्शन करते देखा गया।

### शर्ट उतार कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

अधिकारियों के मुताबिक, कई यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी शर्ट उतार दी और नारे लगाए, जिसमें 'पीएम इज कंप्रोमाइज' भी शामिल था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सरकारी अधिकारियों, इंडस्ट्री के नेताओं और विदेशी डेलीगेट्स की भागीदारी वाले इस हाई-प्रोफाइल इंटरनेशनल इवेंट में इस तरह के प्रदर्शन से रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों को तुरंत हिरासत में लिया गया और जगह से दूर ले जाया गया।

### पूरे देश का युवा गुस्से में है: उदय भानु चिब

वहीं, यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध पर इंडियन यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट उदय भानु चिब ने कहा, 'ये नारे सिर्फ इसलिए नहीं लगाए गए कि यूथ कांग्रेस गुस्से में है, बल्कि ये इसलिए भी लगाए गए क्योंकि पूरे देश का युवा गुस्से में है।' एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध पर एडिशनल डीसीपी आनंद मिश्रा ने कहा, 'हम अपनी कार्रवाई कर रहे हैं। हमने उन्हें हिरासत में लिया है और कानूनी एक्शन ले रहे हैं।'



### देश की अस्मिता से कोई समझौता नहीं: युवा कांग्रेस

वहीं, सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय युवा कांग्रेस ने लिखा- जब विदेश नीति में झुकाव, कॉरपोरेट दबाव और चुप्पी हावी हो... तो साफ है, पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड हैं!! इसी सच्चाई को बेनकाब करने भारतीय युवा कांग्रेस के जाबांज कार्यकर्ता एआई समिट पहुंचे और 'कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया! देश की अस्मिता से कोई समझौता नहीं! इंकलाब जिंदाबाद

### भाजपा ने बताया देश विरोधी कृत्य

भारतीय युवा कांग्रेस की प्रदर्शन पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा- कांग्रेस एंट्री इंडिया पार्टी है। राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस के कार्यकर्ता एआई समिट में गए और आपत्तिजनक नारे लगाए। ऐसा काम वही पार्टी कर सकती है, जिसकी नीयत और नीति देशविरोधी है। जब भी भारत का सम्मान होता है और देश ऊपर बढ़ता है, तब राहुल गांधी और वाड्रा परिवार को मिर्ची लगती है। इसी कारण वे अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए भारत का अपमान करने वाला कृत्य करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

### 'भारत की उपलब्धियों के खिलाफ विरोध'

इस प्रदर्शन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए एआई 'महत्वाकांक्षी भारत', 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' या 'आकांक्षी भारत' नहीं है। उनके लिए एआई भारत-विरोधी है। यह कांग्रेस कांग्रेस नहीं, बल्कि एएनसी है, यानी राष्ट्र-विरोधी कांग्रेस। एआई शिखर सम्मेलन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। राष्ट्रपति मैक्रों से लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव, शीर्ष तकनीकी कंपनियों के मालिक, सैम ऑल्टमैन से लेकर सुंदर पिचाई तक, सभी इसकी सराहना कर रहे हैं। यहां तक कि शशि थरूर ने भी एआई शिखर सम्मेलन को उत्कृष्ट बताया। लेकिन राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस पार्टी विरोध प्रदर्शन कर रही है; यह चरित्रहीन, बुद्धिहीन और भावनाहीन विरोध प्रदर्शन है। यह भाजपा के खिलाफ विरोध नहीं है, यह प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध नहीं है, यह भारत की उपलब्धियों के खिलाफ विरोध है।'

### कांग्रेस ही कर सकती है घटिया काम: मनजिंदर सिरसा

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिरसा ने कहा, विदेशी मेहमानों के सामने कांग्रेस ने कपड़े उतरवाकर प्रदर्शन कराया है, नंगा नाच किया है, ये बहुत शर्मसार है। राहुल गांधी महसूस नहीं कर रहे कि कांग्रेस कितना नीचे गिर गई, सत्ता की लालसा के लिए नंगा नाच कर रहे हैं। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन होना चाहिए। मगर, जिसमें देश को कलंकित किया जा रहा हो, देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो, ये घटिया काम कांग्रेस ही कर सकती है।

### कांग्रेस ने गरिमा के बजाय व्यवधान को चुना: भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'जब भारत एक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें टेक्नोलॉजी में अपने इनोवेशन और लीडरशिप को दिखाया जा रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी ने गरिमा के बजाय व्यवधान को चुना। कांग्रेस वर्कर्स ने टॉपलेस होकर स्थल पर हंगामा किया। यह कृत्य साफ तौर पर विश्व मंच पर भारत को शर्मिंदा करने के लिए किया गया।' भाजपा ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'जब देश खुद को ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस के तौर पर बनाने की कोशिश कर रहा है, तब इस प्रकार का आचरण केवल उन लोगों के हित में है जो भारत को असफल होते देखना चाहते हैं। राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाना नहीं।'

# 'देश से जो गद्दारी करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी है कि देश के खिलाफ गद्दारी करने वालों और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से जुड़े सभी मामलों की गंभीरता से जांच करेंगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीरी पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है। उन्होंने कहा, अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। जम्मू विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह सभागार में पुस्तक विमोचन समारोह में मनोज सिन्हा ने कहा कि कश्मीरी पंडित समुदाय की जबरदस्त भावना को मैं सलाम करता हूं। हर विस्थापित परिवार अपने अंदर चिंगारी लिए हुए था। इसके बावजूद संघर्ष और मुश्किलों के दौर में उन्होंने दर्शन, अध्यात्म, संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बचाए रखा। नई ऊंचाइयों को छुआ। एलजी ने कहा कि कश्मीर माइग्रेंट वेब पोर्टल भी लांच किया गया था। यह उनके लिए था जिनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया गया था। मैं कश्मीरी पंडितों को उस दर्द को महसूस कर सकता हूं जब 1989-90 में उन्हें रातों-रात घर छोड़ना पड़ा था। एलजी ने कहा कि प्रो. कौल की किताब कश्मीरी पंडितों के पलायन की कहानी बताती है। उन बुरे दिनों के डर और पुरखों की जड़ों से छिन जाने की हमेशा रहने वाली तबाही को दिखाती है। यह साहित्यिक कोशिश नहीं बल्कि दशकों से हमारी सामूहिक चेतना पर छाई चुप्पी को तोड़ने की कोशिश भी है।

### जनता के सपनों को बर्बाद करने की साजिश हुई नाकाम

एलजी ने कहा कि वर्ष 2019 से जम्मू-कश्मीर एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है। यूटी के लोगों के सपनों और किस्मत को बर्बाद करने की दुश्मन की नापाक साजिश को पूरी तरह से नाकाम किया गया है। बहुत कोशिशों से इस जमीन की पुरानी शान वापस लाई गई है और विकास तेज हुआ है। बहुत जल्द इस जमीन को आतंकवाद के खतरे से पूरी तरह से मुक्त करेंगे।

### आतंकवाद से जुड़ी हर घटना को खोला जाएगा

एलजी ने कहा, आतंकवाद से जुड़ी हर घटना को खोलने की कोशिश की जाएगी। जनता के सपनों को बर्बाद करने वालों को मिट्टी में मिलाया जाएगा। आतंकवाद से जुड़े हर व्यक्ति को उसके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। ऐसे लोगों की सजा एसी होनी चाहिए कि आतंक का ईको सिस्टम रहम की भीख मांगता दिखाई दे। हम उन आतंकियों व उनके मददगारों को कभी माफ कर सकते हैं जिन्होंने आतंक फैलाया।

### 'अनुच्छेद 370 हटने से जड़ों की ओर लौटने का भरोसा जगा'


उपराज्यपाल ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह भरोसा पैदा हुआ कि कश्मीरी पंडित समुदाय की युवा पीढ़ी बिना किसी डर के अपनी जड़ों की ओर फिर से लौट सकती है। समारोह में डीन रिसर्च स्टडीज जम्मू यूनिवर्सिटी डॉ. नीरज शर्मा, मंडलायुक्त रमेश कुमार, आईजीपी जम्मू भीमसेन टूटी सहित कश्मीरी पंडित समुदाय के सदस्य मौजूद थे।

### कश्मीरी पंडितों की सम्मान और सुरक्षा के साथ वापसी पीएम मोदी का वादा : एलजी

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीर पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है। एलजी प्रो. अशोक कौल की किताब कश्मीर-नेटिविटी रीगेंड के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। जम्मू विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह सभागार में हुए कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। अपनी जड़ों से उजड़ जाने का दर्द आज भी बेघर हुए परिवारों की रगों में कांटों की तरह चुभता है। समय का मरहम भी कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का गहरा दर्द नहीं भर सका।

### 'युवा याद रखें कि आतंकियों ने हजारों कश्मीरी मुसलमानों का खून बहाया'

एलजी ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हजारों निर्दोष कश्मीरी मुसलमानों का भी खून बहाया है। कई मामले इतने हृदयविदारक होते हैं कि उन्हें दोहराते समय शब्द लड़खड़ा जाते हैं। पिछले साल से उन परिवारों को न्याय मिलना शुरू हो गया है और अन्य आवश्यक चीजों के साथ-साथ उनकी रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के प्रयास चल रहे हैं।



# रूसी तेल से दूरी बना रहा भारत

## अमेरिका से नजदीकी के बीच वेनेजुएला से बातचीत, गोर बोले, व्यापार समझौता जल्द

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां भारत अब रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद को कम करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, नई दिल्ली अपने तेल विकल्पों में 'विविधता' ला रही है और वेनेजुएला से तेल खरीदने के लिए बातचीत जारी है। यह रणनीतिक कदम अमेरिका और भारत के बीच घोषित उस व्यापार समझौते के बाद सामने आया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने का दावा किया गया था।

### रूसी तेल पर अमेरिकी रुख और भारत की रणनीति

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि भारत अपने ऊर्जा विकल्पों में विविधता लाने पर काम कर रहा है और वेनेजुएला से तेल खरीद के लिए बातचीत चल रही है। गोर ने साफ किया है कि तेल को लेकर एक सहमति बनी है और अमेरिका नहीं चाहता कि कोई भी देश रूस से तेल खरीदे, यह केवल भारत की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट हैं; वह युद्ध की समाप्ति चाहते हैं और शांति की उम्मीद में उन सभी गतिविधियों को खत्म होते देखना चाहते हैं जो इस संघर्ष से जुड़ी हैं।



### ट्रंप का दावा और भारत का कूटनीतिक रुख

इस व्यापार समझौते की घोषणा 2 फरवरी, 2026 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा की गई थी। ट्रम्प ने अपने 'ट्रुथ सोशल' पोस्ट और व्हाइट हाउस के एक बयान में यह दावा किया था कि भारत रूसी तेल की खरीद को कम करने और उसे पूरी तरह से समाप्त करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, भारत की तरफ से ऐसा कोई सीधा बयान नहीं दिया गया है, लेकिन नई दिल्ली ने यह जरूर स्पष्ट किया है कि वह वेनेजुएला से तेल सहित अन्य आयात बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करेगी।

### व्यापार समझौते से टैरिफ में भारी कटौती

ऊर्जा के मोर्चे पर इस बदलाव के साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते भी एक नए मुकाम पर पहुंच रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी सर्जियो गोर ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच इस व्यापार समझौते पर जल्द ही मुहर लगने की उम्मीद है। यह एक 'ऐतिहासिक' समझौता है, जिसके जरिए अमेरिका ने नई दिल्ली पर लगाए जाने वाले टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। देखा जाए तो अमेरिका और भारत के बीच यह व्यापार समझौता केवल व्यापारिक छूट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा कूटनीति का एक बेहद अहम हिस्सा है। भारत द्वारा रूसी तेल के बजाय वेनेजुएला जैसे नए ऊर्जा विकल्पों की तलाश करना बदलते वैश्विक व्यापारिक समीकरणों और अमेरिका की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने का साफ संकेत है।

# अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले से आतंकी गिरफ्तार

## हथियार और गोला बारूद बरामद, बड़ी आतंकी साजिश विफल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अरुणाचल प्रदेश में सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती जिले लोंगडिंग में एक संयुक्त अभियान के दौरान एनएससीएन-आईएम के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया। इटानगर के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार यह अभियान असम राइफल्स, विशेष टास्क फोर्स और लोंगडिंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया था। मिली सूचनाओं के आधार पर, सुरक्षा बलों ने आज लोंगडिंग पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत जेडुआ गांव के पास टिसिंग में अभियान चलाया और एनएससीएन-आईएम के एक चरमपंथी को गिरफ्तार करके एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान स्वघोषित कैप्टन पोंगलेम वांगपान के रूप में हुई है, जो नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम के इसाक-मुइवा गुट का एक सदस्य है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 5.56 मिमी इंसास राइफल के साथ एक मैगजीन, एक 9 मिमी पिस्तौल के साथ एक मैगजीन, 18 राउंड 5.56 मिमी कारतूस और दो राउंड 9 मिमी पिस्तौल के बरामद किए। इसी बीच, एक अलग अभियान में, अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने नामसाई जिले में लगभग सात लाख की कीमत के 133 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की और एक महिला को गिरफ्तार किया। इसमें एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह जब्ती मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने और नशामुक्त समाज सुनिश्चित करने के लिए अरुणाचल प्रदेश पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी नाम पर मस्जिद निर्माण रोकने की मांग ठुकराई, याचिका में दी गई दलील भी खारिज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बाबर के नाम पर किसी भी मस्जिद के बनने या उसका नाम रखने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ऐसी संरचनाएं एक 'क्रूर हमलावर' का सम्मान करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने शुक्रवार को एक थोड़ी देर सुनवाई के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में मांग की गई थी कि बाबर एक हिंदू-विरोधी हमलावर था। वह हिंदुओं की हत्या में शामिल था। इसलिए इसके नाम पर कोई कोई मस्जिद नहीं बनाई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बन रही मस्जिद का भी जिक्र किया। कील ने कहा कि बाबर के क्रूर हिंदू-विरोधी हमलावर होने के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नाम पर एक मस्जिद का निर्माण हो रहा है। बाबर के नाम पर मस्जिद के निर्माण को लेकर हालिया विवाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से शुरू हुआ। टीएमसी विधायक रहते हुए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी। कई हिंदू संगठनों और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मस्जिद के नाम को लेकर आपत्ति जताई थी। हालांकि, भारी विरोध के कारण उन्हें टीएमसी से निलंबित कर दिया गया। इसके बाद हुमायूं कबीर ने 'जनता उन्नयन पार्टी' नाम नया राजनीतिक दल बनाया। फिलहाल, हुमायूं की ओर से अभी मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' का निर्माण कराया जा रहा है। अयोध्या के विवादित ढांचे को गिराए जाने की बरसी पर 6 दिसंबर 2025 को हुमायूं कबीर ने इसकी नींव रखी। हुमायूं कबीर ने कहा कि निर्माण कार्य तीन साल के भीतर पूरा हो जाएगा। इस ढांचे के निर्माण में लगभग 55 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मस्जिद के द्वार की ऊंचाई 14 मीटर होगी। इसकी चौड़ाई 5 मीटर होगी।



# एक साल, कई दावे: सीएम रेखा गुप्ता ने पेश किया दिल्ली सरकार का रिपोर्ट कार्ड

## स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक योजनाओं पर फोकस, आयुष्मान से अटल कैंटीन और ई-बसों तक गिनाई उपलब्धियां

- 'वादों की नहीं, काम की सरकार': मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की भाजपा सरकार ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कागजी घोषणाओं के बजाय जमीनी काम को प्राथमिकता दी और बीते एक वर्ष में दिल्ली को ठहराव की स्थिति से निकालकर विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज सरकार को एक साल पूरा हुआ है। यह रिपोर्ट कार्ड हमारे एक वर्ष के तथ्यों का दस्तावेज है। हमारी सरकार वादों की नहीं बल्कि काम की सरकार है। हमने 'कागज कम, काम ज्यादा' के पैटर्न को अपनाया है।' सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की दिशा में निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री के अनुसार, दिल्ली में 10 लाख रुपये तक का हेल्थ कवर उपलब्ध कराया गया है। बीते एक वर्ष में लगभग 7 लाख लोगों ने हेल्थ कवर के लिए पंजीकरण कराया, जबकि 30 हजार से अधिक लोगों ने आयुष्मान और वय वंदना योजना के तहत लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर तैयार किए गए हैं। इनका उद्देश्य बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करना और प्राथमिक स्तर पर ही मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। सरकार का लक्ष्य 1100 आरोग्य मंदिर स्थापित करने का है। इसके साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए हिम्स प्रणाली को मजबूत किया गया है और लगभग एक लाख आभा आईडी कार्ड बनाकर उन्हें इससे जोड़ा गया है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर करने के लिए 4000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें से 1300 नर्सिंग स्टाफ की भर्ती पूरी हो चुकी है। दिल्ली खेल महाकुंभ का आयोजन कर सरकार ने खेल प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास किया। इसमें 25 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अब तक की सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना और खेल ढांचे को मजबूत करना है।



### शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर वाले स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है और हर स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। नरेला में 1360 करोड़ रुपये की लागत से जमीन अधिग्रहित कर 'एजुकेशन सिटी' विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। सरकार का मानना है कि इससे दिल्ली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगी।

### गरीब कल्याण: अटल कैंटीन और झुग्गी विकास

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'कोई भूखा न सोए' के संकल्प के साथ 70 अटल कैंटीन शुरू की गई हैं, जहां गरीबों, श्रमिकों और मजदूरों को मात्र 5 रुपये में सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन कैंटीनों को जरूरतमंद तबके के लिए राहत का बड़ा साधन बताया गया। झुग्गीवासियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस राशि से झुग्गी क्षेत्रों में नाली, खड़ंजा, पार्क, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही 3 लाख पानी के बिल माफ किए जाने की घोषणा को भी मुख्यमंत्री ने बड़ी राहत बताया।

### बेटियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण

सरकार ने लाडली योजना के तहत बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री के अनुसार, 40 हजार बेटियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। पहले चरण में 25 हजार लाभार्थियों को सहायता राशि जारी की जा चुकी है। सरकार का दावा है कि इस योजना से बालिकाओं की शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### फ्लाईओवर पर जोर

इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए 400 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत बरसात से पहले पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त 600 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। नंदनगरी फ्लाईओवर का उद्घाटन किया जा चुका है, जबकि बारापुला और मुकरबा चौक परियोजनाओं को जल्द पूरा करने की बात कही गई है। दिल्ली के लिए 56 हजार करोड़ रुपये का व्यापक ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार किया गया है, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जा सके।

### परिवहन और पर्यावरण

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में 4000 इलेक्ट्रिक बसें लाई गई हैं। नई ईवी पॉलिसी के तहत ई-पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के तहत इस वर्ष 35 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### जनसुनवाई और पारदर्शिता

सरकार जल्द ही सीएम जनसुनवाई पोर्टल लॉन्च करने जा रही है, जिससे नागरिक सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की प्राथमिकता है।